### कलेक्टर ने ली कृषि एवं कृषि सह संबध्द विभागों की फॉलोअप समीक्षा

# नरवाई जलाने पर जिले में अभी तक 182 एफआईआर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिन्दवाडा



कलेक्टर शीलेन्द्र सिंह ने आज कलेक्टर कार्यालय के मिनी सभाकक्ष में कृषि एवं सह संबद्ध विभागों उद्यानिकी, पशुपालन, दुग्ध संघ, मत्स्य पालन, राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन, जिला केंद्रीय सहकारी बैंक, सहकारिता एवं खाद्य नागरिक आपूर्ति विभाग की फॉलोअप समीक्षा बैठक ली और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

### पॉप कॉर्न की खेती का नवाचार रहा सफल

कलेक्टर श्री सिंह ने विगत बैठक में निर्देश दिए थे कि जिले के किसानों, महिलाओं और जरूरतमंद व्यक्तियों को आर्थिक रूप से समृद्ध बनाने के उद्देश्य से जो भी नवाचार किए गए हैं उनकी विश्लेषणात्मक रिपोर्ट प्रस्तुत करें। उप संचालक कृषि द्वारा जिले में पहली बार किए गए पॉपकॉर्न की खेती के नवाचार की विस्तृत जानकारी प्रस्तुत की गई।

नवाचार के तहत कलेक्टर श्री सिंह के निर्देशानुसार जिले में पहली बार पॉपकॉर्न की कॉन्ट्रैक्ट फॉर्मिंग महाराष्ट्र की शाह नानजी नागसी एक्सपोर्ट प्राइवेट लिमिटेड नागपुर के साथ भूमिका एफ.पी.ओ.के माध्यम से की गई। कंपनी द्वारा पॉपकॉर्न की 8 किस्मों के बीज एफपीओ के माध्यम से किसानों को निःशुल्क प्रदाय किए गए। प्रदाय सभी किस्मों में से पी-10 पॉपकॉर्न किस्म के परिणाम सर्वोत्तम प्राप्त हुए। ग्राम सलैया के कृषक श्री जगदीश रघुवंशी के द्वारा 17 नवंबर 2024 को 5 किस्मों का ट्रायल किया गया, जिनमें पी-10 पॉपकॉर्न की उपज अधिकतम प्राप्त हुई, जो प्रति एकड़ 31 क्विंटल रही। इन भुट्टो को कंपनी द्वारा 3500 रुपए प्रति क्विंटल के मान से क्रय किया गया, जिससे 93000 रुपए का शुद्ध लाभ प्राप्त हुआ। पॉपकॉर्न रबी मौसम में गेहूं - मूंग (शुद्ध लाभ 75000 रुपए/एकड़) एवं रबी मक्का (शुद्ध लाभ 62000 रुपए/एकड़) से अधिक फायदेमंद है। उप संचालक कृषि ने बताया कि इस नवाचार से प्रेरित होकर जिले के लगभग 300 किसानों ने इसमें रुचि दिखाई है।

### सख्त कार्यवाही से नरवाई जलाने की घटनाएं हुई कम

- जिले में नरवाई प्रबंधन के लिए प्रोत्साहित करने और नरवाई जलाने पर हुई सख्त कार्यवाही से नरवाई जलाने की घटनाओं में क्रांतिकारी परिवर्तन आया है। जिले में अभी तक 182 एफ.आई.आर दर्ज की गई है, 125 व्यक्तियों पर जुर्माना लगाया गया है और 211 लोगों को नोटिस जारी किए गए हैं। कलेक्टर श्री सिंह ने लोगों को अधिक से अधिक समझाईश देने और न मानने वालों से सख्ती से जुर्माना वसूलने की कार्यवाही करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि नरवाई का प्रबंधन मृदा की उर्वरा शक्ति और पर्यावरण संरक्षण के साथ ही किसान हितैषी भी है। इसे कृषकों को समझना होगा।

### ई-केवायसी बढ़ाएं

कलेक्टर श्री सिंह ने निर्देश दिए कि शत-प्रतिशत खाद्यान्न का उठाव और वितरण समय पर सुनिश्चित कराएं। उपभोक्ताओं के ई के वाय सी का कार्य 87 प्रतिशत हो चुका है, सहकारी सोसाइटी और सहकारी बैंक का अमला इस कार्य में सहयोग करते हुए यथा शीघ्र इसे 100 प्रतिशत पूरा कराएं।

### आजीविका उत्पादों की ऑनलाइन बिक्री को मिल रहा है अच्छा रिस्पॉन्स

जिला प्रशासन द्वारा स्व सहायता समूहों द्वारा तैयार उत्पादों के विक्रय के लिए जिला एन.आई.सी. की वेबसाइट के माध्यम से ऑनलाइन प्लेटफार्म उपलब्ध कराया गया है। जिसका अच्छा रिस्पॉन्स मिल रहा है। बैठक में एन.आर.एल.एम. की टीम ने बताया कि अभी तक ऑनलाइन प्राप्त कुल 837 ऑर्डर्स के माध्यम से 1225 उत्पादों की बिक्री की गई है, जिससे 1 लाख 36 हजार 350 रुपए का बिजनेस हुआ है। कलेक्टर श्री सिंह ने इसका पंपलेट के माध्यम से सभी कार्यालयों और जिले के प्रमुख स्थलों पर भी व्यापक प्रचार-प्रसार करने के निर्देश दिये।

### जिले में किया जायेगा खजूर की खेती का नवाचार

कलेक्टर श्री सिंह के मार्गदर्शन में इस बार उद्यानिकी विभाग द्वारा जिले में खजूर की खेती का नवाचार किया जाएगा। जिसमें किसानों को लाभान्वित करने के लिए उद्यानिकी विभाग की योजनाओं के माध्यम से वित्तीय सहायता प्रदाय कर पौधारोपण कराया जाएगा। कलेक्टर श्री सिंह ने छिंदवाड़ा जिले की प्रकृति की छिंद के पौधों के लिए अनुकूलता को देखते हुए, खजूर (छुहारे) की खेती का नवाचार शामिल कराया गया है। साथ ही केले की नवीनतम किस्म की खेती को बढ़ावा देने के लिए भी इसे नवाचार में शामिल किया गया है। कलेक्टर श्री सिंह ने उद्यानिकी, मत्स्य पालन, जिला सहकारी केंद्रीय बैंक और पशु पालन विभाग की भी समीक्षा की और वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप अभी से गंभीर प्रयास करने और जिले के अधिक से अधिक हितग्राहियों को लाभान्वित करने के निर्देश दिए।

## रेलवे पुलिस ने यात्री को सुरक्षित लौटाया लगेज

**परासिया।** परासिया रेलवे पुलिस के द्वारा एक यात्री को ट्रेन में छूटा लगेज सुरक्षित लौटा दिया । यात्री के द्वारा रेलवे पुलिस और विभाग के प्रति आभार व्यक्त किया गया है ।मिली जानकारी के अनुसार ईएलसी कंपाउंड बोरदेही ( आमला ) निवासी 25 वर्षीय भावेशपुरी गोस्वामी 30 अप्रैल को भोपाल स्टेशन से बोरदेही के लिए पातालकोट एक्सप्रेस में सवार हुआ । बोरदेही स्टेशन में उतरने के बाद उसे याद आया , कि वह अपना लगेज ट्रेन में ही भूल गया है । इसके बाद उसने रेलवे सहायता नंबर 139 पर शिकायत दर्ज कराई । अगले दिन 1 में को वह परासिया स्टेशन आया । जहां उसकी मुलाकात सहायक उप निरीक्षक ओपी मिश्रा और आरक्षक राजकुमार शेरे से हुई । जिनसे उसने अपने लगेज को लेकर चर्चा की । जिसके बाद उप निरीक्षक श्री मिश्रा और आरक्षक ने उसका लगेज सुरक्षित लौटा दिया । लगेज पाकर यात्री ने उनका आभार व्यक्त किया । लगेज में 1 मोटरसाइकिल की चैन , 1 चैन स्पाकेट और 1 टेबल था ।

### मालदेव तालाब पर जन सहयोग से किया गया श्रमदान

**छिंदवाड़ा।** कलेक्टर शीलेन्द्र सिंह के निर्देशानुसार म.प्र.जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक श्री अखिलेश जैन एवं विकासखंड समन्वयक श्री संजीव भावरकर के कुशल मार्गदर्शन में जल गंगा संवर्धन के अंतर्गत विकासखंड परासिया के ग्राम मानकादेही खुर्द में मालदेव में तालाब गहरीकरण में श्रमदान कर 1 ट्राली मिट्टी निकाली गई। कार्यक्रम में मुख्य रूप से जनपद पंचायत सदस्य श्री कुबेर सिंह सूर्यवंशी, ग्राम के उप सरपंच श्री सरसाम, समाज सेवी श्री शिवमोहन सूर्यवंशी व म.प्र. जन अभियान परिषद के ब्लॉक समन्वयक श्री संजीव भावरकर उपस्थित थे । श्रमदान के बाद जल संवाद किया गया । मजदूर दिवस के अवसर पर रोजगार गारंटी के मजदूरों का अतिथि द्वारा शॉल से सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि श्री कुबेर ने जल के महत्व को बताते हुये कहा कि जल को बचाना अति आवश्यक हो गया है, नही तो आने वाले समय में जल के लिए बहुत परेशानी झेलनी पड़ेगी। श्री श्यामलराव ने जलस्त्रोतों की सफाई के बारे में बताया। ब्लॉक समन्वयक श्री संजीव भावरकर ने अभियान परिषद के कार्यो के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि पूरे विकासखण्ड में म.प्र. जनअभियान परिषद द्वारा जल गंगा समवर्धन अभियान चलाया जा रहा है।

### विरोध स्वरूप बीच सड़क पर चूल्हा जलाकर बनाया पोहा

## रसोई गैस के बढ़े हुए दामों के खिलाफ महिला कांग्रेस का प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिन्दवाडा



शहर महिला कांग्रेस ने रसोई गैस सिलेंडर के दामों में वृद्धि किए जाने पर विरोध जताते हुए प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारी महिला कांग्रेस की नेत्रियों ने ईएलसी चौक पर बीच सड़क पर लकड़ी का चूल्हा जलाकर पोहा पकाया और आपस में बांटकर उसे गृहण कर रसोई गैस के बढ़े हुए दामों के बाद शहर व गांव में निर्मित होने वाली वस्तु स्थिति से अवगत कराया।

भाजपा सरकार के द्वारा रसोई गैस सिलेण्डर के दामों में सीधे 50 रुपए की मूल्य वृद्धि के खिलाफ महिला कांग्रेस ने रोष व्यक्त करते हुए जमकर नारेबाजी की। कांग्रेस की महिला पदाधिकारियों ने कहा कि भाजपा सरकार ने चुनाव से ठीक पहले 300 रुपए में रसोई गैस सिलेण्डर देने का वादा किया था, आज तक वह पूरा नहीं हो पाया, लेकिन सरकार ने 50 रुपए की मूल्य वृद्धि कर पुनः जनविरोधी चेहरे को उजागर कर दिया। केवल रसोई गैस ही नहीं पेट्रोल व डीजल के दाम भी आसमान पर है जिससे प्रत्येक नागरिक आर्थिक रूप से जूझ रहे। अब रसोई गैस सिलेण्डर के बढ़े हुए दामों ने महिलाओं के रसोई का बजट एक बार फिर बिगाड़ दिया है। महिला कांग्रेस की नेत्रियों ने सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए रसोई गैस सिलेण्डर के बढ़े हुए दामों को तत्काल वापिस लेने की मांग की साथ ही 300 रुपए में रसोई गैस देने का वादा भी याद दिलाया।

आयोजित प्रदर्शन में मंजू बैस, किरण चौधरी, दीपा यादव, रानू डेहरिया, अन्नू अरोरा, सरला सिसोदिया, संगीता ठाकुर, संतोषी गजभिये, मनीषा पाल, साधना जंघेला, साक्षी चौबे, पिंकी चौधरी, शोभा शर्मा, माया सूर्यवंशी, यास्मीन कुरैशी, आम्रपाली, ममता चौखे, स्मिता ठाकुर, नज़मा, रेणु तिवारी, बिनिता, शालिनी राउत, अर्चना, जुबेदा बी, नूरजहां, राधा सैनी, सपना वर्मा, फरीदा बाजी, बबीता गजभिये व अलका, प्रियंका, सोनम, नेहा सहित अन्य कांग्रेस की पदाधिकारी व कार्यकर्तागण उपस्थित रही।

## संत शिरोमणि श्री जगनाडे जी महाराज सांस्कृतिक भवन का किया भूमिपूजन



**छिंदवाड़ा।** संत सारे मानव समाज के पथ प्रदर्शक होते हैं। हमें उनके बताए मार्ग का अनुसरण करना चाहिए। हमारी संस्कृति के संरक्षण के लिए संतों का योगदान अमूल्य है। यह बात लोकप्रिय सांसद श्री बंटी विवेक साहू ने कही। वे पांढुरना के मारूढ़ ग्राम में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। यहां संत शिरोमणि श्री जगनाडे जी महाराज की मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा समारोह आयोजित किया गया था।

कार्यक्रम में सांसद श्री साहू ने कहा कि देश को एक सूत्र में पिरोए रखने के लिए संतों ने कड़ा संघर्ष किया है। संतों के प्रति हम सभी के मन में गहरी श्रद्धा और सम्मान होना चाहिए। बंटी विवेक साहू ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र और डॉ मोहन यादव जी के नेतृत्व में प्रदेश सरकार लगातार विकास कार्य कर रही है। हर क्षेत्र में विकासोन्मुखी कार्य हो रहे हैं। जन जन तक विकास कार्यों और योजनाओं का लाभ पहुंच रहा है। जन जन की चिंता करने वाले सांसद बंटी विवेक साहू ने तिगांव में संत शिरोमणि श्री जगनाडे जी महाराज सांस्कृतिक भवन का समाज जनों और जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में भूमिपूजन किया। इस भवन के लिए सांसद श्री बंटी विवेक साहू ने अपनी सांसद निधि से दस लाख रुपए दिए हैं। वहीं मारूड में आयोजित कार्यक्रम में उन्होंने सांस्कृतिक भवन निर्माण के लिए अपनी सांसद निधि से दस लाख रुपए देने की घोषणा की।

### जिले के विकास के लिए मांगा केंद्रीय मंत्री से सहयोग

**छिंदवाड़ा।** केंद्रीय सामाजिक न्याय व अधिकारिता मंत्री डॉक्टर वीरेंद्र कुमार जी का अल्प समय के लिए छिंदवाड़ा आगमन हुआ सर्किट हाउस में सांसद श्री बंटी विवेक साहू ने केंद्रीय मंत्री का स्वागत किया केंद्रीय मंत्री ने सांसद को जन्मदिन पर उन्हें बधाई भी दी सांसद श्री साहू ने केंद्रीय मंत्री से जिले के विकास को लेकर चर्चा की और छिंदवाड़ा पांढुर्णा जिले के विकास के लिए सहयोग मांगा सांसद ने सामाजिक न्याय व अधिकारिता मंत्रालय के तहत केंद्र सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं जैसे समाज के वंचित और हाशिए पर पड़े अनुसूचित जाति,पिछड़ा वर्ग, विकलांग व्यक्ति, वरिष्ठ नागरिक के कल्याण को लेकर विस्तृत चर्चा की। सांसद से चर्चा के दौरान केंद्रीय मंत्री वीरेंद्र कुमार जी ने कहा कि छिंदवाड़ा, पांढुर्णा जिले के लिए के नागरिकों के लिए उनके मंत्रालय द्वारा चलाई जा रही योजनाओं का पूरा लाभ दिलाया जाएगा।

### मेहरा डेहरिया समाज के नव नियुक्त पदाधिकारियों को दिलाई गई शपथ

**जुन्नारदेवः** मेहरा डेहरिया समाज समिती की ब्लाक कार्यकारणी के गठन के बाद आज तामिया रोड स्थित आंशिक रेस्टोरेंट में शपथ ग्रहण कार्यक्रम आयोजित हुआ जिसमें महिला एंव पुरूष वर्ग के नव नियुक्त पदाधिकारियों को जिले से पहुचे मेहरा डेहरिया समाज के जिला मुख्य



सलाहकार शिवनारायण डेहरिया जिला अध्यक्ष लोकेश डेहरिया सहित पदाधिकारियों ने शपथ दिलाकर समाज के उत्थान एंव संगठन की मजबूती को लेकर निष्ठा पूर्वक ईमानदारी से काम करने की अपेक्षा की। कार्यक्रम के शुरुआत में अतिथियों द्वारा सबसे पहले डॉक्टर भीमराव अंबेडकर बाबा साहेब के छाया चित्र पर माल्यार्पण अर्पित कर दीप प्रज्वलित किया गया। इसके बाद सभी सामाजिक अथिति गणो का तिलक एंव बेच लगाकर स्वागत किया गया वही समाज के बच्चों द्वारा स्वगत गीत के साथ मनमोहक संस्कृति कार्यक्रम प्रस्तुत किये गये। जिला समिती के लोगों ने जुन्नारदेव ब्लाक के नव नियुक्त महिला पुरूष पदाधिकारियों को नियुक्ति पत्र सौंपे गयेउक्त कार्यक्रम में मुख्य रूप से मेहरा डेहरिया समाज कोषाध्यक्ष टी पी डेहरिया जिला सचिव दिनेश डेहरिया जिला उपाध्यक्ष ललित डेहरिया चौरई संजय डेहरिया जुन्नारदेव महिला प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष उमा डेहरिया कार्यकारी अध्यक्ष छाया डेहरिया सचिव रैना हारले कोषाध्यक्ष विनीता डेहरिया महिला उपाध्यक्ष छाया मेहरा ब्लाक अध्यक्ष रवि बेले जुन्नारदेव रमेश बेले जिला सरक्षक दीपक बछलिया, संतोष डेहरिया, दयालु बेले, मनीष नागले,अंकित डेहरिया, ब्लाक महिला प्रकोष्ठ ब्लाक अध्यक्ष आशा डेहरिया कंचन बेले,संगीता डेहरिया, नंदनी नागले, सविता डेहरिया, पूनम डेहरिया, पिंकी बछलिया, लक्ष्मी पंडोले, कांति पंडोले, परासिया ब्लाक अध्यक्ष विमल डेहरिया, अशोक डेहरिया सहित सैकड़ों सामाजिक जन उपस्थित रहे।

## सीएम राइज स्कूल में ग्रीष्मकालीन समर कैंप का हुआ शुभारंभ



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सौंसर

नगर के सीएम राईज शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय सौसर में गुरुवार को विद्यार्थियों में रचनात्मक सृजनशीलता एवं कला कौशल के विकास के लिए ग्रीष्मकालीन 13 दिवसीय समर कैंप का शुभारभ किया गया।

कार्यक्रम का शुभारभ मुख्य अतिथि के रूप में विधायक विजय चौरे,नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती सुरेखा डागा के द्वारा रिबन काटकर किया गया। समर कैंप प्रभारी कल्पना मानकर के द्वारा कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत की गई, विधायक विजय चौरे, सौसर नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती सुरेखा डागा, प्राचार्य शैलजा बत्रा ,उप प्राचार्य संजय गवनेकर ,वैशाली कोरडे प्रदीप जांभोलकर, बाजीराव धुर्वे आदि ने इस कार्यक्रम की उपादेयता एवं महत्व को बच्चों के समक्ष प्रस्तुत किया, समर कैंप में विभिन्न विधाएं जैसे वैदिक गणित ,अबेकस , पेंटिंग ,आर्ट एंड क्राफ्ट ,पर्सनल ग्रूमिंग ब्यूटीशियन कोर्स, नृत्य ,मार्शल आर्ट, गायन इत्यादि के प्रशिक्षण सत्र आयोजित किए जाएंगे, जिसमें कुल 142 विद्यार्थियों ने पंजीयन किया गया है,कैम्प प्रशिक्षकों में अर्चना गुप्ता, मृणालिनी झाडे, दिव्यानी येवले ,कविता सूर्यवंशी प्रशिक्षण प्राप्त किया।

## रक्तदान से जीवनदान दे रहा ब्लड आर्मी ग्रुप

### सातवें स्थापना दिवस तक सैंकड़ों को मिला जीवनदान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा



प्रेरणा की रोज एक नई कहानी तैयार कर रहा ब्लड आर्मी ग्रुप... जो दूसरे शरीर की रगों में रक्तदान के माध्यम से जीवनदान प्रदान कर रहा है। ग्रप की हर एक कहानी जिंदादिली की मिशाल है। सेवा सहयोग, त्याग कहानी के मुख्य बिंदु है और किरदार की भूमिका में हर वह एक शख्स जो रक्तदान करने का जज्बा रखता हो।

जब किसी अपने को रक्त लगता हैं तो वो गैरों से निःसंकोच रक्त कि आशा क़र मदद कि गुहार लगाता हैं क्यूंकि इस स्वार्थ भरी दुनियां में जब अपने काम नहीं आते तो कोई गैर ही खून के रिश्ते रक्त के दान से बनाने मदद के लिए तत्पर दिखाई देता हैं।

विगत सात वर्षों से रक्तदान के क्षेत्र में अपने अनुठे अंदाज़ से कार्य क़र रही युवाओं कि टीम ब्लड आर्मी ग्रुप आज जिले ही नहीं प्रदेश कि एक ऐसी टीम हैं जो रक्तदान से ज्यादा रक्तदान के प्रति जागरूकता और नये रक्तदाता बनाने कि काउन्सलिंग पर विश्वास रखती हैं और कथनी और करनी को सारगर्भित करते हुए साल भर हर सम और विषम परिस्थिति में बिना किसी आडम्बर के अपना कार्य अपनी जिम्मेदारी और दायित्व समझ क़र चुपचाप बड़े ही शांति से करती हैं, दो युवाओं ने जिस टीम कि शुरुआत रक्त के लिए परेशान हों रहें परिजनों कि मदद करने के लिए शुरू किये ग्रुप में आज दर्जनों युवा काउन्सलिंग करके लोगो को रक्त के लिए जागरूक और मोटिवेट करते हुए रक्त कि उपलब्धता करते हुए मरीजों कि निःस्वार्थ सेवा क़र रहें हैं।

### ब्लड आर्मी ग्रुप की उपलब्धियां

इन 7 वर्षों में कुल 2404 यूनिट्स रक्तदान ओर 18 यूनिट SDP का सफलतम रक्तदान सम्पन्न हुआ है साथ ही साथ तकरीबन 5000 से अधिक रक्तदान मरीज के परिजनों को प्रोत्साहित कर उन्हीं के द्वारा रक्त की उपलब्धता कराई गई है..जो कि स्वयं में एक मील का पत्थर साबित हुई है।

## 50 से अधिक बॉल से सैकड़ों बच्चे सीखेंगे वॉलीबाल के गुर

### वॉलीबॉल ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर का आयोजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ जुन्नारदेव

आदिवासी विकासखंड में खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा आज से निःशुल्क ग्रीष्म कालीन खेल प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया जा रहा हैं। ग्रीष्मावकाश के सदुपयोग हेतु विद्यार्थियों को स्वस्थ मंच प्रदान करने के उद्देश्य से सन 1989 में स्वर्गीय एसएस शर्मा द्वारा वॉलीबॉल प्रशिक्षण शिविर प्रारंभ किया गया था। यह शिविरआज से प्रारंभ हो रहा है जिसमें 9 मैदानों पर , 50 से अधिक बाल से सैकड़ों बच्चे सीखेंगे वॉलीबाल खेल के गुर।सीखेंगे ।शिविर नगर के शासकीय नंदलाल स्कूल स्कूल उत्कृष्ट विद्यालय में आयोजित किया जा रहा है ।

### दो सत्रों में आयोजित होगा वालीबाल प्रशिक्षण शिविर

प्रतिवर्षअनुसार इस वर्ष भी वालीबाल प्रशिक्षण शिविर का आयोजन दो सत्र प्रातः और सायं काल में किया जाएगा दोनों ही सत्रों में आयोजन का समय 5:55 बजे होगा नगर के बच्चे प्रातः और सायंकाल दोनों समय 5:55 बजे उपस्थित होकर शिविर में प्रशिक्षण प्राप्त कर सकते हैं। वॉलीबॉल के नेशनल रेफरी और प्रशिक्षक अनुरोध शर्मा ने बताया कि इस वर्ष बच्चों की संख्या बढ़ने की पूरी संभावनाएं हैं जिसे लेकर तैयारियां पूरी की जा रही है बच्चों को अच्छा प्रशिक्षण प्रदान कर उन्हें इस खेल में महारत दिलाना ही हमारा पहला लक्ष्य है ।प्रशिक्षकों में प्रकाश अजवानी अनुराग शर्मा ,अनुरोध शर्मा धनंजय चौरसिया अनिल गडरिया राजीव गौतम पवेल सिंह संजय बामने महेंद्र डेहरिया परितोष चौरसिया नमन साहू प्रशांत डेहरिया आकिब खानसहित अनेकों प्रशिक्षक प्रशिक्षण प्रदान करेंगेखेल खेल में देशभक्ति समाज सेवा इस वालीबाल खेल प्रशिक्षण शिविर का उद्देश्य खिलाड़ियों को सिर्फ खेल से ही परिचित ना कराते हुए देश भक्ति समाज सेवा व स्वानुशासन के भाव जागृत करना भी रहा है। स्वर्गीय एसएस शर्मा ने 1989 में रखी थी शिविर की नींव-- जुन्नारदेव नगर में वालीबाल के जनक के रूप में अमर नाम स्वर्गीय श्याम सुंदर शर्मा द्वारा इस शिविर की नींव सन 1989 में रखी गई थी इसके पूर्व उनके द्वारा अनेकों बच्चों को प्रशिक्षित कर उन्हें जिला प्रदेश एवं राष्ट्रीय स्तर तक नगर का नाम रोशन करने के लिए प्रशिक्षित किया जा चुका था शिविर के प्रारंभ होने के उपरांत हजारों की संख्या में बच्चों ने शिविर में अपना उत्साह दिखाया । ज्ञात रहे की जनजाति कार्य विभाग खेल एवं युवा कल्याण विभाग वेस्टेंड कोल्ड फील्ड लिमिटेड प्रशासन, नगर पालिका परिषद सहित समाजसेवी भी शिविर में विशेष योगदान देते हैं । ग्रामीण युवा केंद्र समन्वयक विभा तारन ने बताया कि शासकीय नंदलाल सूद उत्कृष्ट विद्यालय जुन्नारदेव खेल मैदान में वॉलीबॉल का प्रशिक्षण अनुराग शर्मा अनुरोध शर्मा एवं उनकी प्रशिक्षक टीम द्वारा तथा कराते का प्रशिक्षण योगेश रुखमांगद द्वारा विद्या देवी शुक्ल महाविद्यालय जुन्नारदेव में सुबह 6 से 8 एवं शाम 5 से 7 बजे तक दिया जाएगा। शिविर 1 मई से 31 मई 2025 तक प्रतिदिन संचालित होगा।

### सौंसर में सम्पन्न हुआ मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह सम्मेलन

## गरीब को नहीं है अब बेटी की शादी की चिंता: सांसद साहू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सौंसर



गुरुवार को जनपद पंचायत सौसर की ओर से नगर के बिरसा मुंडा सामुदायिक भवन परिसर में मुख्यमंत्री कन्या विवाह निकाह सामूहिक विवाह सम्मेलन का आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ है,आयोजन के दौरान सौसर क्षेत्र के 263 जोड़ों ने एक दूसरे को धार्मिक रीति रिवाज के साथ में अपना जीवन साथी बनाया है, संकल्प उच्चतर माध्यमिक विद्यालय से 263 दूल्हों की बेडबाजे के बारात निकाली गई, कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सांसद बंटी साहू, विधायक विजय चौरे,पूर्व राज्य मंत्री नाना मोहोड, जिला भाजपा अध्यक्ष संदीप मोहोड़, कलेक्टर अजय देव शर्मा, एसडीएम सिद्धार्थ पटेल,एड अजय धवले, जनपद पंचायत अध्यक्ष संजय भुते,उपाध्यक्ष नारायण वाडोदे सौसर नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती सुरेखा डागा,उपाध्यक्ष विनोद जुनघरे,मोहगाव नप अध्यक्ष संदीप घाटोड़े,जिपस श्रीमती नीलिमा पाटिल,मोरेश्वर मर्सकोले,सौसर भाजपा अध्यक्ष दर्शन झाड़े,जप सदस्य गुलाबराव पांडे,आदि थे। आयोजन को संबोधित करते हुए सांसद बंटी साहू ने कहा कि छिंदवाड़ा पांढुर्णा जिले के 9 ब्लॉक में इस वर्ष संपन्न हुए सामूहिक विवाह में 4230 से अधिक जोड़ों का विवाह संपन्न हुआ है, जिसके चलते संपूर्ण मध्य प्रदेश में छिंदवाड़ा जिला प्रथम स्थान पर है,भाजपा सरकार ने प्रदेश के लाखों गरीब पिताओं को उनकी बेटियों की शादी की चिंता को दूर किया है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा संचालित गरीबों के कल्याण के लिए कन्यादान विवाह एक महत्वपूर्ण योजना बन गो है, इससे गरीब भी अपनी बेटी का विवाह धूमधाम से सम्मान के साथ कर पा रहा है। जनपद पंचायत के सामाजिक सुरक्षा अधिकारी चंद्रशेखर गोहीयां ने बताया कि आयोजन में मुख्य अतिथियों के द्वारा 263 जोड़ो को 1 करोड़ 28 लाख 87 हजार के प्रतिकात्मक चैक प्रदान किये गए है,सामूहिक विवाह आयोजन के दौरान एक मुस्लिम 30 बौद्ध ओर 232 विवाह आदिवासी संस्कृति एवं हिंदू रीति रिवाज के साथ में संपन्न हुए है।

**मुख्यमंत्री मोहन यादव का किया धन्यवादः** विधायक विजय चौरेआयोजन को संबोधित करते हुए विधायक विजय चौरे ने मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव का बिचोलियों को हटाने के लिए धन्यवाद अदा किया है, विधायक श्री चौरे ने कहा कि 2018 में पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ के द्वारा राशि को बढ़ाकर 51000 की राशि की शुरुआत की गई थी, वही परंपरा निरंतर आज भी कायम है।

### बाकामुकासा में महिला सरपंच ने अपने सूझबूझ के चलते नलजल से ग्रामीणों को उपलब्ध कराया शुद्ध पेयजल

# पानी के लिए तरस रहे लोगों की अब बुझेगी प्यास

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिंगोड़ी

एक तरफ जहां विधान सभा क्षेत्र के कई गांव पानी के लिए तरस रहे है तो वही सिंगोड़ी के समीप ग्राम पंचायत बाका मुकासा में महिला सरपंच ने अपने सूझ बूझ और कुशल नेतृत्व के चलते नल जल से पूरे ग्रामीणों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध करवा रही है जो दूसरे पंचायत के जनप्रतिनिधियों के लिए सबक बन सकते है।बाका के ग्रामीणों ने जानकारी देते हुए बताया की बीते वर्ष पानी की समस्या को देखते हुए विगत दिनों सरपंच श्रीमती अंकिता सोनू सरसवार द्वारा सांसद विवेक बंटी साहू विधायक कमलेश शाह जिलाध्यक्ष शेषराव यादव से लगातार कम होते जा रहे पानी के स्त्रोतों के वजह से ग्रामीण को पानी की समस्या हो रही थी की मांग लगातार की थी। जिसका नतीजा यह निकला की जिले के तीनो माननीयो ने समस्या का समाधान करने दो नए बोर तीन पुराने कुओं का जीर्णोद्धार दो निर्मल नीर



कुआँ की मांग स्वीकारते हुए स्वीकृत किया। जिसका परिणाम यह निकला की जहां कई ग्रामीण क्षेत्रों में पानी की समस्या है वही यह ग्राम दिन में दो बार ग्रामीणों को नल से जल वितरित करवा रहा है।।। बुधवार को एक और सफल बोर हुआ ।बुधवार को वैष्णवी बांका मुकासा में जल जीवन मिशन अंतर्गत पिछले दिनों ग्राम के काल भैरव मंदिर एवं बुधवार को आदिवासी टोला में शासकीय बोर कराया गया जिसमें लगभग ढाई से तीन इंच पानी निकला। समस्त जल स्त्रोतों से ग्राम में ढाई से तीन लाख लीटर जल प्रतिदिन ग्रामवासियो को उपलब्ध हो रहा है, साथ ही ग्राम में पेड़ पौधों के पोषण के लिए प्रतिदिन लगभग पचास हजार लीटर पानी सिंचाई के लिए उपयोग में लाया जा रहा है।पानी की समस्या से निजात दिलाने पर ग्राम सरपंच श्रीमती अंकिता सोनू सरसवार,उपसरपंच सरमन चंद्रवंशी,बंटी परिहार एवं ग्रामवासियों ने सांसद, विधायक,जिलाध्यक्ष,का आभार जताया।

## इंटक ने मनाया मजदूर दिवस



हरिभूमि न्यूज ▶▶ परासिया

रा.को.व.म.संघ (इंटक) रीजनल कार्यालय चांदामेटा के द्वारा गुरूवार 01 मई 2025 को मजदूर दिवस मनाया गया । इस अवसर पर रीजनल कार्यालय चांदामेटा के प्रांगण में कार्यक्रम आयोजित किया गया । मंच का संचालन मदन जंघेला अध्यक्ष इंटक कन्हान ऐरिया ने किया । जिसमें मुख्य अतिथि श्यामसुन्दर यादव अध्यक्ष म.प्र. इंटक उपस्थित रहे । उनके साथ शंकरदयाल शर्मा म.प्र. ट्रांसपोर्ट यूनियन के मंत्री एवं अशोक श्रीवास्तव उपस्थित हुए । कार्यक्रम में सर्वप्रथम मुख्य अतिथि द्वारा दीप प्रज्वलित कर राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी के चित्र पर माल्यार्पण किया गया।

तत्पश्चात उपस्थित इंटक पेंच कन्हान के वरिष्ठ पदाधिकारी नारायण प्रसाद शर्मा , भोलू सिंह ठाकुर , प्रहलाद विश्वकर्मा , मदनलाल नामदेव , किशोर राव , मुमताज अहमद , गोपाल चौकसे , हरिप्रसाद नाग , अलाउद्दीन खान , अशोक भार्गव , राजेन्द्र सिंह ठाकुर , महेश डेहरिया , अशोक उईके , नैनदेव राव को सम्मानित किया गया । उसके उपरांत आंगनवाड़ी महिला बाल विकास विभाग की बहनों एवं सुपरवाईजर एवं परियोजना अधिकारियों को सम्मानित किया गया । उसके उपरांत मनोज तिवारी अध्यक्ष इंटक पेंच ऐरिया द्वारा उपस्थित मंचासीन एवं सभी सभासदों का स्वागत उद्बोधन किया गया एवं भगवानदीन यादव महामंत्री इंटक रीजनल द्वारा पेंच कन्हान में कार्यरत श्रमिकों की 18 बिन्दुओं के प्रस्ताव को सभाषदों के समक्ष प्रस्तुत किया । जिसे सर्वसम्मति करतल ध्वनि से प्रस्ताव को सभासदों द्वारा पारित किया गया । उद्बोधन कार्यक्रम में सोहनलाल बाल्मीक (विधायक) अध्यक्ष इंटक रीजनल की ओर से संगठन एवं आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं के कार्यों पर प्रकाश डाला गया । वहीं इंटक संगठन के सेवानिवृत्त पदाधिकारियों , इंटक कार्यालय में कार्यरत सभी कर्मचारियों को सम्मानित किया गया । उपस्थित सभी पत्रकार बंधुओं एवं मीडिया प्रभारी को भी सम्मानित किया गया । तत्पश्चात्त कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्यामसुन्दर यादव द्वारा सुर्वप्रथम घोषणा करते हुए सोहनलाल बाल्मीक (विधायक) को म.प्र. इंटक में उपाध्यक्ष पद पर एवं म.प्र. इंटक के जनरल कांसिल का सदस्य नियुक्त किया गया । श्री वाल्मीकि ने मजदूर दिवस के संबंध में एवं इंटक संगठन पर प्रकाश डालकर अपने ओजस्वी भाषण से सभी को प्रभावित किया । तेजप्रकाश सिंह द्वारा आभार प्रकट किया । अंत में राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम के समापन की घोषणा की गई।मई दिवस के कार्यक्रम में सोहनलाल बाल्मीक , भगवानदीन यादव , मनोज तिवारी , मदन जंघेला , देवीचंद सूर्यवंशी , कुणाल बाल्मीक , साबीर खान , महेश सूर्यवंशी , उमेश तिवारी , कमल सिंह राठौर , तेजप्रकाश सिंह , राजू सोलंकी , प्रमोद वर्मा , रवि पवार , प्रवीण सुर्यवंशी , धनीराम , महेन्द्र पवार , विकेश सिंह , जितेन्द्र प्रजापति , असलम सिद्दीकी , उदय प्रताप सिंह , मो. कय्यूम , मनोज साहू , भूपेन्द्र पटेल , बंसत महात्मा , मनीष सेन , मनीष पवार , सियालघोघरी एवं पेंच कन्हान क्षेत्र की सभी शाखा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित हुए ।

## मजदूर दिवस पर निकली जगह-जगह जनजागृति रैली



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिंगोड़ी

अमरवाड़ा विधानसभा क्षेत्र की ग्राम सिंगोड़ी में आज अखिल भारतीय गोंडवाना महासभा मध्यप्रदेश की बैठक का आयोजन किया गया जिसमें गोंडवाना महासभा के विभिन्न पदाधिकारियों ने भेंटवार्ता की एवं बैठक संपन्न हुई बैठक में प्रदेश अध्यक्ष , प्रदेश सचिव की संयुक्त बैठक विभिन्न मोर्चो के पदाधिकारियों के साथ सिंगोड़ी में संपन्न हुई। प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष सी एल ठाकुर ने बताया कि आज मजदूर दिवस के अवसर पर दिनांक 1 मई से 15 मई 2025 तक पंद्रह दिवसीय संपर्क एवं सदस्यता अभियान का कार्यक्रम प्रारंभ छिंदवाड़ा जिले के सिंगोड़ी नगर से किया गया है। जिसमें संगठन को मजबूत करने के लिए समग्र विकास क्रांति आंदोलन के तहत प्रदेश स्तरीय जनजागरुकता अभियान के तहत यह कार्यक्रम 15 दिन तक विभिन्न जिलो के अनेक क्षेत्रो में किया जाएगा जिसमें गोंडवाना कर्मचारी अधिकारी संघ गोंडवाना स्टूडेंट यूनियन संघ के लोग भी उपस्थित रहे। सभी ने एकसाथ संकल्प लेकर आदिवासी समाज के उत्थान और विकास के लिए संकल्प लिया। इस अवसर पर अखिल गोंडवाना महासभा के प्रदेश अध्यक्ष सहपाल शाह तेकाम ,प्रदेश सचिव रामजी उईके ,अखिल गोंडवाना महासभा प्रभारी अध्यक्ष सी एल ठाकुर, ब्लॉक अध्यक्ष सत्यभान धुर्वे, मेंगलाल धुर्वे ,शिवप्रसाद धुर्वे, मखनू मर्शकोले ,जलसराम सल्लाम ,विजय पाल बरकडे रामकृष्ण मर्सकोले सहित अनेक लोग उपस्थित रहे और जनजागृति जनजागरण अभियान कार्यक्रम का प्रारंभ हुआ।

## मजदूर दिवस पर राहगीरों के लिए जनहित में लगाया प्याऊ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जुन्नारदेव



मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद विकासखंड जुन्नारदेव जिला छिंदवाड़ा के तत्वाधान में माननीय कलेक्टर छिंदवाड़ा श्री शिलेन्द्र सिंह के निर्देशानुसार में जिला समन्वयक अखिलेश जैन के मार्गदर्शन में एक मई मजदूर दिवस के अवसर पर ग्राम हरियागढ़ में स्थित किला जाटवा शाह राजा मुख्य मार्ग में जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद ब्लाक समन्वयक जुन्नारदेव संजय कुमार बामने कि उपस्थिति में ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति कन्हान वनग्राम परिवर्तित दृष्टि सामाजिक विकास एवं कल्याण संस्थान जुन्नारदेव के नेतृत्व में भीषण गर्मी को देखते हुए जनहित में जाटवा शाह राजा स्थान पर राहगीरों के लिए पीने कि पानी प्याऊ कि व्यवस्था कि गई । ताकि गर्मी के समय में भी आवागमन करने वाले राहगीर अपनी प्यास बुझा जा सके, इस उद्देश्य से प्याऊ का स्थापना किया गया। तथा प्रतिदिन पानी की उपलब्धता रहे, इसकी सुनिश्चितता तय की गई। उपस्थित सभी के द्वारा जल संरक्षण की शपथ लेकर निरंतर यह कार्य करने के दृढ़ संकल्प जाहिर किया गया। इस अवसर पर मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद ब्लाक समन्वयक संजय कुमार बामने , ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति परिवर्तित दृष्टि सामाजिक विकास एवं कल्याण संस्थान अध्यक्ष बुनेश राजबैठे, गोविन्द नंदवंशी, आयुषी मालवीय, योगिता मर्सकोले, सचिव सुभाष यदुवंशी, सुनील यदुवंशी, BSW/MSW छात्र-छात्राएं सवीन सरयाम, रोहित भोसम, अराधना भोसम, सहवाग ऊईके आदि उपस्थित थे।

### वैवाहिक समारोह में पहुंचकर दिया आशीर्वाद

वैवाहिक कार्यक्रम में पहुंचे भाजपा नेता जुन्नारदेव नगर मंडल भारतीय जनता पार्टी के अध्यक्ष विवेक चंद्रवंशी अपील समिति सदस्य पार्षद शक्ति केंद्र प्रभारी संजय जैन जितेंद्र सूर्यवंशी शक्ति केंद्र के नेता अनिल यदुवंशी राम रतन जी बरसिया जुन्नारदेव के शक्ति केंद्र के नेता करण चंचल की बहन की विवाह उत्सव में सम्मिलित सम्मिलित पुकार समस्त पारिवारिक सदस्यों से सौजन्य भेंट कर वर वधु को उज्जवल भविष्य की शुभकामना की।

### 10 लोग घायल 05 को किया गया रेफर

## बारातियों से भरी बोलोरो पेड़ से टकराई

**हरिभूमि न्यूज कटंगी।** तिरोड़ी थाना क्षेत्र के ग्राम खरपड़िया के नजदीक बारातियों से भरी एक बोलेरो वाहन तेज गति से जाकर पेड़ से जा टकराई. इस हादसे में वाहन में सवार 10 बाराती जिसमें 02 बच्चे भी शामिल है सभी घायल हुए है. हादसे में 05 बारातियों को गंभीर चोट आई है जिन्हें सरकारी अस्पताल कटंगी में प्राथमिक उपचार देने के बाद जिला अस्पताल बालाघाट रेफर किया गया था. किंतु घायलों के चिर-परिचित और नाते-रिश्तेदार घायलों को बेहतर उपचार के लिए नागपुर लेकर गए है. सड़क हादसा बुधवार की शाम करीब साढ़े 05 बजे के आस-पास हुआ है. बताया जा रहा है कि सड़क हादसे के वक्त बोलोरो वाहन रफ्तार में था जिसे विपरित दिशा से आ रहे डंपर वाहन ने समय पर साइड नहीं दिया ऐसे में यह बोलोरो वाहन चालक कुछ समझ नहीं पाया और वाहन सीधे सड़क से नीचे उतरकर पेड़ से जा टकराया. वाहन में सवार लोग



महाराष्ट्र के हीवरा के है जो कटंगी के एक गांव में विवाह समारोह में बाराती बनकर आ रहे थे. घायलों की पहचान कृष्णा पिता मूलचंद कुंभलकर, श्रीकृष्ण पिता जैनीराम लाडे, संदेश पिता संजय, नानेश्वर पिता भावजी नाने, शिव पिता प्रकाश सहारे, कन्हैयालाल पिता ताराचंद डहरवाल, अनिल पिता सुरजलाल, रवि फाये, समोल पिता संजय, श्रेयश पिता कृष्णा लाड़ेकर के रुप में हुई है. इसमें संदेश, रवि, कृष्णा, कन्हैया और अनिल को रेफर किया गया है अन्य लोगों को कटंगी अस्पताल में प्राथमिक उपचार जारी है।

## जीरो डोज टीकाकरण पर उन्मुक्खिकरण कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**हरिभूमि न्यूज किरनापुर।** 01मई-2025 को किरनापुर विकासखंड के पंवार मंगल भवन में जीरो डोज बच्चों तक टीकाकरण की पहुंच सुनिश्चित करने हेतु यूनिसेफ के सहयोग से मध्य प्रदेश वॉलंटरी हेल्थ एसोसिएशन इंदौर द्वारा टीकाकरण सेवाओं के लिए सामाजिक जवाबदेही पर पीआरआई (पंचायती राज संस्थाएं), यूएलबी (शहरी स्थानीय निकाय), स्थानीय सीबीओ (समुदाय आधारित संगठन) का उन्मुखीकरण* कार्यक्रम आयोजित किया गया , कार्यक्रम का उद्देश्य पंचायती राज संस्थाओं, शहरी स्थानीय निकायों, समुदाय आधारित संगठन को स्वास्थ्य अभियान से जोड़ते हुए टीकाकरण के प्रति जागरुकता बढ़ाना था।



तथा जीरो डोज बच्चों को टीकाकरण से जोड़ने हेतु समुदाय एवं संघटन का सहयोग प्राप्त करना था , इस अवसर पर जनपद पंचायत अध्यक्ष श्री कल्याण सिंह राणा द्वारा सभी से सहयोग की अपेक्षा की गई तथा श्रीमती स्वाति मिश्रा M.O. द्वारा भी लोगों को अपने सभी छोटे बच्चों का सम्पूर्ण टीकाकरण करवाने हेतु तथा सहयोग हेतु निवेदन किया गया, जिला समन्वयक अमरदीप साहु द्वारा सभी संगठन को स्वास्थ्य अभियान से जोड़ते हुए समुदाय में टीकाकरण के प्रति जागरूकता पर स्लाइड के माध्यम से जानकारियाँ दी गई जिसमें जीरो डोसे की परिभाषा महत्व और लक्ष्य तथा सहयोग की जानकारी प्रेजेंटेशन के द्वारा देते हुए बताया गया, ऐसे कई बच्चे हैं जो टीके नहीं लगवा पाए हैं उन सभी को हमें टीकाकरण से जोड़ने हेतु सभी संगठनों से अपील की गई लोगों को टीकाकरण के प्रति प्रेरित करने हेतु कहा गया , उपस्थित जन समुदाय ने इस प्रयास को अधिक प्रभावशाली बताया, सभी ने सामूहिक रूप से यह संकल्प लिया कि वह अपने सभी क्षेत्रों में टीकाकरण के संदेश को जन-जन तक पहुंचाएंगे 1 कार्यक्रम के अंत में मध्य प्रदेश वॉलंटरी हेल्थ एसोसिएशन ने उम्मीद जताई कि इस सहयोग से जीरो डोज बच्चों की संख्या में उल्लेखनीय कमी लाई जा सकेगी 1 उक्त कार्यक्रम में मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद, पंचायती राज विभाग ,स्थानीय संगठन नगर ,ग्राम प्रस्फुटन समिति, निकाय तथा अन्य सम्मिलित हुए , किरनापुर विकासखंड के ब्लॉक समन्वयक अनिल बोपचे द्वारा सभी को धन्यवाद व्यापित किया गया साथ ही इस कार्यक्रम में सहयोग की अपील की गई।

## ग्राम पंचायत नंदोरा घोटी में जागरूकता शिविर का हुआ आयोजन

**हरिभूमि न्यूज लांजी।** म०प्र० राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के कार्ययोजना 2025 एवं माननीय प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश / अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बालाघाट श्रीमान् प्राणेश कुमार प्राण साहब, न्यायाधीश / सचिव श्रीमान् सतीश शर्मा के निर्देशानुसार श्रीमान् प्रीतम शाह, न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी व्यवहार न्यायालय लांजी की अध्यक्षता में 01 मई 2025 अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस के अवसर पर जागरूकता कार्यक्रम ग्राम पंचायत नंदोरा घोटी (जंगल घोटी) में आयोजित किया गया। उक्त कार्यक्रम में माननीय न्यायाधीश/अध्यक्ष श्री प्रीतम शाह व्यवहार न्यायालय लांजी द्वारा ग्राम पंचायत नंदोरा घोटी के अशासकीय श्रमिकों के बीच उपस्थित होकर अवगत कराया कि मजदूर दिवस का कारण उत्पन्न वर्ष 1886 में 1 मई को अमेरिका के शिकागो शहर में हजारों मजदूरों ने एकजुटता दिखाते हुए प्रदर्शन किया था। उनकी मांग थी कि मजदूरी का समय 08 घंटे निर्धारित किया जाए और हफ्ते में एक दिन छुट्टी हो क्योंकि इसके पहले मजदूरों के लिए कोई समय-सीमा नही थी उनके लिए कोई नियम-कायदे ही नही होते थे लगातार 15-15 घंटे काम लिया जाता था। मजदूरों का अपने अधिकारों के लिए उग्र आंदोलन चलता रहा तत्पश्चात 1989 में पेरिस इंटरनेशनल सोशलिस्ट कॉन्फ्रेंस में 01 मई को मजदूरों को समर्पित करने का फैसला किया और इस तरह पूरी दुनिया में 01 मई का मजदूर/कामगार दिवस मनाने की



शुरुआत हुई। साथ ही मजदूरों के अधिकार एवं उनके हित के संबंध में भी श्रमिकों को जानकारी दी गई। श्री धीरज वाहने पीएलवी द्वारा राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण अंतर्गत राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के संबंध में एवं नालसा व सालसा द्वारा संचालित योजनाओं के संबंध में जानकारी दी गई तथा पीएलवी द्वारा अपील की गई कि यदि किसी पीडित महिला, पुरुष, बालक बालिकाएं बुजुर्ग को विधिक सहायता अंतर्गत योजनाओं का लाभ लेना है तो वे तहसील विधिक सेवा समिति व्यवहार न्यायालय लांजी में उपस्थित होकर अपनी समस्याओं का समाधान करा सकते है। कार्यक्रम में व्यवहार न्यायालय तहसील विधिक सेवा समिति लांजी से न्यायालयीन कर्मचारी श्री विजय कुमार भोण्डेकर, पीएलवी श्री धीरज वाहने, श्रीमती हेमलता दशहरे, श्रीमती बिंदेश्वरी मुरकुटे ग्राम सरपंच श्री श्रीचंद कामड़े, सरस्वती तुकाराम बारेकर जनपद सदस्य, लेखराम रामटेक्कर पीसीओ एवं सचिव, ग्रामीण श्रमिक उपस्थित रहे।

## अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत ने चिकमारा ओपन केप में मनाया गया अंतर्राष्ट्रीय श्रम दिवस

हरिभूमि न्यूज कटंगी।

मजदूरों के समर्पण, अधिकारों और संघर्षो को समर्पित अंतर्राष्ट्रीय श्रम दिवस 1 मई को समूचे देश और विश्व में मनाया गया. इस मौके पर बालाघाट जिले की कटंगी तहसील के ग्राम चिकमारा ओपन केप में दोपहर डेढ़ बजे अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत के द्वारा एक लघु कार्यक्रम का आयोजन किया गया. ग्राहक पंचायत के जिला अध्यक्ष आशुतोष बिसेन के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम में क्षेत्रीय विधायक गौरव सिंह पारधी, जिला पंचायत सदस्य श्रीमती केसर बिसेन बतौर मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए. इनके अलावा महेन्द्र बाहेश्वर, प्रियांश राउत, दिमागचंद टेंभरे, कैलाश गाड़ेकर, दिनेश पंचेश्वर, अशोक मात्रे विशेष अतिथि रहे. कार्यक्रम की शुरूआत में सर्वप्रथम महान समाज सुधारक महामना ज्योतिबा फुले और संविधान शिल्पकार डॉ बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर के छायाचित्र की पूजा की गई।



इस अवसर पर सर्वप्रथम श्रमिकों को संबोधित करते हुए जिला पंचायत सदस्य केसर बिसेन ने सभी श्रमिकों को अंतर्राष्ट्रीय श्रम दिवस की बधाई दी. उन्होंने कहा कि पूर्व में जब चिकमारा केप के श्रमिकों ने केप में पेयजल संकट के बारे में जानकारी दी थी तब केप में हैड़पंप खनन की व्यवस्था की गई थी. उन्होंने कहा कि जिला पंचायत सदस्य होने के नाते क्षेत्र के सभी श्रमिकों और आमजन के लिए उनके द्वार हमेशा खुले है. उन्होंने कहा कि श्रमिकों के हितों की रक्षा करने के लिए वह सदैव श्रमिकों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ी है।

विधायक गौरव सिंह पारधी ने अंतर्राष्ट्रीय श्रम दिवस के इतिहास के बारे में विस्तार से जानकारी दी. उन्होंने श्रमिकों को बताया कि 1 मई को ही मजदूर दिवस मनाने की शुरुआत 1886 में अमेरिका में हुई थी, जब मजदूरों ने 8 घंटे के कार्यदिवस की मांग की थी. भारत में मजदूर दिवस की शुरुआत चेन्नई में 1 मई 1923 में हुई थी. विधायक ने मजदूरों के हितों के बारे में विस्तार से जानकारी दी. मजदूरों ने विधायक ने एक शेड और शौचालय का निर्माण करवाने की मांग रखी. विधायक ने शीघ्र ही निर्माण करवाने का भरोसा दिया है।

### सफाई कर्मचारियों से बड़े तालाब में लगवाई गई झाड़ू, जल गंगा संवर्धन अभियान के नाम हुई खानापूर्ति

# कब हटाया जाएगा अतिक्रमण, नहीं बता पाए विधायक सिर्फ दिया आश्वासन

हरिभूमि न्यूज कटंगी।

मध्य प्रदेश सरकार द्वारा शुरू किया गया जल गंगा संवर्धन अभियान जल संरक्षण और संवर्धन की दिशा में एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम है लेकिन इस अभियान का कटंगी नगर परिषद ने पूरी तरह से मजाक बनाकर रख दिया और इसके साक्षी क्षेत्रीय विधायक गौरव सिंह पारधी, एसडीएम मधुवंत राव धुर्वे, तहसीलदार सुरेश उपाध्यक्ष, नायब तहसीलदार महेश सोलंकी और कुछ पार्षद बने. दरअसल, जल गंगा संवर्धन अभियान जनभागीदारी को बढ़ावा देकर जल संरक्षण को जन आंदोलन का स्वरूप देने पर केंद्रित है. जिसका उद्देश्य जल स्त्रोतों जैसे नदियां, तालाब, कुओं और बावड़ियों का संरक्षण और भू-जलस्तर में सुधार करना है. लेकिन नगर परिषद ने इसे जनभागीदार का अभियान ना बनाकर अपने सफाई



कर्मचारियों से तालाब में झाड़ू चलाकर खानापूर्ति कर पूरे अभियान का ही मजाक बना दिया. ऐसा इसलिए कहा जा रहा है कि क्योंकि 01 मई गुरूवार को सुबह 10 बजे से नगर के बड़े तालाब में जनभागीदारी से विशेष साफ-सफाई अभियान चलाया जाना था किंतु ऐसा ना करते हुए नगर परिषद ने अपने ही सफाई कर्मचारियों से तालाब के भीतर खाली मैदान में झाड़ू लगवा दी. जो सफाई कर्मचारी सुबह शहर की सड़कों और गलियों की साफ-सफाई करने के बाद अपने घर जाने की तैयारी में थे उन सभी सफाई कर्मचारियों को भुखे-प्यासे तालाब के भीतर झाड़ू लगाने के काम पर लगा दिया गया और स्वयं प्रभारी सीएमओ दिनेश धानेश्वर, लेखापाल अशोक दुबे, उपयंत्री राजेश चौकसे सहित अन्य टेबल पर बैठकर काम करने वाले अधिकारी-कर्मचारी सफाई कर्मचारियों को झाडू लगाता देख तमाशबीन बनकर खड़े हुए नजर आए. हालांकि बाद में जब विधायक बड़े तालाब पहुंचे तो यह भी पॉलीथिन चुनने में लग गए. विधायक ने आगामी माह से तालाब का कार्य शुरू होने का भरोसा दिया है।

**जेसीबी मशीन लगा दी, झाड़ियों को आग लगा दिया:** गौरतलब हो कि गत माह 26 अप्रैल को बालाघाट कलेक्टर मृणाल मीणा ने तालाब का निरीक्षण करते हुए उपयंत्री राजेश चौकसे को जल गंगा संवर्धन अभियान में तालाब से गाद निकालने के निर्देश दिए थे. ऐसे में यहां ना सिर्फ उनके निर्देश का माखौल उड़ाया गया बल्कि

जनभागीदारी से होने वाले इस अभियान में तालाब की पार की झाड़ियों की सफाई के लिए जेसीबी मशीन लगा दी गई और तालाब के भीतर की झाड़ियों को समाप्त करने के लिए आग के हवाले कर दिया गया. जब विधायक गौरव सिंह पारधी तालाब पहुंचे तो उन्होंने सबसे पहले झाड़ू लगा रहे सफाई कर्मचारियों से कहा कि यहां झाड़ू नहीं लगाना है बल्कि तालाब के भीतर की पॉलीथिन को निकालना है. उन्होंने झाड़ियों को नष्ठ करने के लिए लगाई गई आग को बुझाने कहा और तालाब की पार की झाड़ियों की सफाई कर रही जेसीबी मशीन को बंद करवाया. विधायक ने अंतरराष्ट्रीय श्रमिक दिवस के मौके पर सफाई कर्मचारियों को टोपी और ड्रेस का वितरण किया. सफाई कर्मचारियों ने विधायक को अपनी समस्याओं के बारे में भी जानकारी दी. विधायक ने सफाई कर्मचारियों की समस्याओं से निपटने के लिए नगर परिषद की बैठक में सफाई कर्मचारियों के विषय को शामिल करने की बात कहीं है. विधायक ने एसडीएम, तहसीलदार और प्रभारी सीएमओ के साथ तालाब का निरीक्षण किया।

**खबर संक्षेप**

## दो बाइक की टक्कर दो घायल

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** जिले के केवलारी थाना क्षेत्र में रात्रि के समय एक सड़क हादसा हुआ। बिछुआ माल सिद्धघाट रोड पर रात के समय दो बाइक आपस में टकरा गईं। हादसे में दोनों बाइक चालक घायल हो गए। घायलों में खापा खैररांजी निवासी अखलेश राजपूत और गंगाटोला निवासी सतेन्द्र मरापे शामिल हैं। अखलेश अपने घर से केवलारी जा रहे थे। वहीं सतेन्द्र केवलारी से गंगाटोला लौट रहे थे। बिछुआ सिद्धघाट के पास दोनों बाइक की आमने-सामने टक्कर हो गई। मौके पर मौजूद लोगों ने पुलिस और एंबुलेंस को सूचना दी। 108 एंबुलेंस से दोनों घायलों को केवलारी के सिविल अस्पताल ले जाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद दोनों को अन्य अस्पताल रेफर कर दिया गया। केवलारी पुलिस मौके पर पहुंच गई है। पुलिस हादसे के कारणों की जांच कर रही है।

# सिवनी नगर पालिका परिषद के द्वारा लीज प्रकरण में भारी भ्रष्टाचार- सोहेल पाशा

**राकेश कुमार जेठानी की लीज का अनुबंध नियम विरुद्ध किया गया। इस मामले में मेजर ध्यानचंद वार्ड के पार्षद सोहेल पाशा ने जिला कलेक्टर और सी एम ओ को पत्र लिखते हुए नगर पालिका द्वारा नियम विरुद्ध लीज के मामले की जांच करने की मांग किया था। इस पूरे मामले को लेकर नगर पालिका अध्यक्ष शफीक खान ने सोहेल पाशा को राजस्व समिति के सभा पति पद से हटा दिया।**

हरिभूमि न्यूज सिवनी।

पार्षद सोहेल पाशा ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित करते हुए मीडिया को अवगत कराया कि मेरे द्वारा नगर पालिका परिषद के गठन के बाद से अध्यक्ष और सी एम ओ से लगातार नियम अनुसार काम करने का आग्रह किया जाते रहा लेकिन उन्होंने मेरे आग्रह को गंभीरता से नहीं लिया। मेरे द्वारा बार-बार उन्हें नगर पालिका परिषद में हो रहे भ्रष्टाचार से भी अवगत कराया जाता था लेकिन उन्होंने कोई रुचि नहीं दिखाया। जब मुझे पता चला कि मेरे विभाग में लीज की आड़ लेकर भारी भ्रष्टाचार किया जा रहा है तो मैंने जिला कलेक्टर व सीएमओ को पत्र लिखकर जांच करने के लिए आग्रह किया जो नगर पालिका अध्यक्ष शफीक खान को नागवार गुजरा तो उन्होंने मुझे राजस्व समिति के सभापति से हटा दिया। सोहेल पाशा से मीडियाकर्मियों ने पूछा कि राकेश जेठानी की लीज में क्या फर्जीवाड़ा हुआ तो उन्होंने बताया कि पिछली परिषद में जब अभिषेक दुबे भाजपा के पार्षद और राजस्व समिति के सभापति थे तब उन्होंने लीज पर आपत्ति लगाया था बाद में लीज निरस्त कर दी गई। बाद में कुछ लोगो के संरक्षण में अध्यक्ष शफीक खान ने नियम विरुद्ध उक्त लीज का अनुबंध कर लिया जिसमें उनके हस्ताक्षर नहीं है।

लीज प्रकरण में परिषद वा शासन को पावर है

सोहेल पाशा ने मीडियाकर्मियों से कहा कि लीज नवीनीकरण और अनुबंध करने के मामले में परिषद या राज्य शासन को पावर रहता है लेकिन सिवनी नगर पालिका परिषद ने ऐसे मामलों में तीन सदस्यों की अनुमति से लीज नवीनीकरण और अनुबंध का अधिकार दे रखा है जिसमें अध्यक्ष, सी एम ओ और राजस्व समिति के सभा पति को शामिल किया गया है। अध्यक्ष शफीक खान के द्वारा उन्हीं लीज का



अनुबंध करने की अनुमति दी जाती है जिसमें भारी भ्रष्टाचार होता है। पार्षद सोहेल पाशा ने कहा कि शफीक खान के द्वारा किए गए भ्रष्टाचार की जांच मध्यप्रदेश शासन ने करते हुए उन्हें दोषी माना है। सिवनी से भोपाल तक सभी जानते है कि शफीक खान के द्वारा भ्रष्टाचार किया गया लेकिन उनके ऊपर कोई कारवाही नहीं हो रही। सोहेल पाशा ने कहा कि शफीक खान किसी और रिमोट से चल रहे हैं। उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार के मामले में फंसे शफीक खान को सत्ता पक्ष के नेता का संरक्षण है और वह कौन है यह आप लोगो से छुपा नहीं है। मेजर ध्यानचंद वार्ड के लोगों ने इसी उम्मीद से जिताया है कि मैं जनता की आवाज बन सकूं यदि सिवनी नगर पालिका परिषद में भ्रष्टाचार हो रहा है तो मैं इसे बर्दाश्त नहीं करूंगा और मैं हर प्लेटफार्म में इस आवाज को उठाऊंगा सोहेल पाशा ने कहा कि मैं लीज के मामले की जांच करने के लिए कलेक्टर व सीएमओ को जो पत्र लिखा है उसे जिला कांग्रेस के अध्यक्ष राजकुमार खुराना को भी अवगत करा चुका हूं। लीज के आवेदन आए लेकिन सिर्फ 18 लीज प्रकरण ही किए गए। शफीक खान को यह बताना चाहिए कि लगभग सैकड़ों आवेदन में सिर्फ 18 लीज प्रकरण ही क्यों किए गए बाकी क्यों नहीं किए जा रहे। सोहेल पाशा ने कहा कि जब राकेश जेठानी की लीज का मामला सामने आया तब मुझे समाचार पत्रों के माध्यम से पता चला कि राकेश जेठानी के नाम से लीज का अनुबंध हो गया जिसमें उनके हस्ताक्षर है ही नहीं तब उन्हें लगा कि लीज प्रकरणों में फर्जीवाड़ा किया जा रहा है तो उन्होंने कलेक्टर और सी एम ओ को पत्र लिखकर जांच की मांग किया तो नगर पालिका अध्यक्ष नाराज हो गए और उन्होंने उन्हें सभा पति पद से हटा दिया।

शफीक के जवाब से कांग्रेस संतुष्ट कैसे हो जाती है

मीडिया के लोगों ने सोहेल पाशा से कुछ और सवाल किए। मीडिया ने पूछा कि शफीक खान बार बार गलती करते हैं और बाद में एक लाइन का जवाब दे देते है तो आपका संगठन कैसे संतुष्ट हो जाता है। तब सोहेल पाशा ने कहा कि शफीक खान के द्वारा किए जाने वाले कृत्य से नाराज होकर जिला कांग्रेस ने उन्हें नोटिस जारी करते हुए सख्त चेतावनी दिया है कि अब यदि गलती हुई तो बर्खास्तगी की कारवाही की जाएगी। सोहेल पाशा ने कहा कि नगर पालिका परिषद में सभापति राजिक अकील नगर पालिका परिषद और जिला कांग्रेस कमेटी दोनों के लिए जी तोड़ मेहनत करते हैं लेकिन नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष दबाव में आकर राजिक अकील को भी कटघरे में खड़ा कर देते हैं। सोहेल पाशा ने कहा कि शफीक खान कुंठित मानसिकता के व्यक्ति हैं जो अपना फायदा देखते हैं और जहां उन्हें फायदा नजर नहीं आता तो वह अपने ही पार्षदों को कटघरे में खड़ा करने लगते हैं। नगर पालिका अध्यक्ष शफीक खान के द्वारा लीज में भ्रष्टाचार का मुद्दा उठाने वाले पार्षद सोहेल पाशा को सभा पति के पद से हटा दिया जिसके बाद सोहेल पाशा ने प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित करते हुए उन्हें बेनकाब कर दिया। सोहेल पाशा ने कहा कि शफीक खान के कारण नगर की जनता परेशान हो रही है। मैने एक साल पहले नल जलावर्धन योजना की जांच और ठेकदार को किए जाने वाले भुगतान में रोक लगाने भी पत्र लिखा था उस समय भी शफीक खान ने कुठित मानसिकता के चलते उन्हें सभा पति के पद से हटा दिया था। तब जिला कांग्रेस अध्यक्ष की प्रयासों से उन्हें अपना आदेश निरस्त करना पड़ा था। सोहेल पाशा ने स्पष्ट किया कि यह लड़ाई जनता विरुद्ध नगर पालिका है और मैं इस लड़ाई को सिवनी से भोपाल तक लडूंगा। उन्होंने यह भी कहा कि एक खिलाड़ी और एक फौजी कभी हार नहीं मानता।

# छपारा पुलिस ने कार समेत जप्त की 10 पेटी देशी प्लेन शराब, एक आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज सिवनी।

पुलिस अधीक्षक सुनील कुमार मेहता द्वारा अवैध शराब विक्रय, जुआ एवं सट्टा पट्टी पर सख्ती से कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सिवनी के निर्देशन, एसडीओपी लखनादौन के मार्गदर्शन में थाना छपारा पुलिस टीम ने कार्यवाही करते हुए मुखबिर से प्राप्त सिवनी तरफ से छपारा की ओर कार क्रमांक MH 31 AG 4695 में कुछ लोग अत्यधिक मात्रा में अवैध शराब लेकर आ रहे है कि सूचना पर छपारा पुलिस टीम द्वारा ग्रन्थ ढाबा के सामने एनएच 44 रोड ग्राम सादक सिवनी पर नाकाबंदी की गई। चैकिंग दौरान सिवनी तरफ से बहुत तेजी से आ रही कार क्रमांक MH 31 AG 4695 को बमुश्किल रोककर कार की तलाशी गई, कार में 10 पेटी देशी प्लेन शराब कुल 90 लीटर होना पायी गई। आरोपी शुभम पिता महेन्द्र चौधरी उम्र 27 वर्ष निवासी ग्राम खापा बाजार चौकी पलारी थाना केवलारी जिला सिवनी के कब्जे से उक्त 10 पेटी देशी प्लेन शराब कुल 90 लीटर, एक नग मोबाईल व उपरोक्त कार क्रमांक MH 31 AG 4695 के जप्त कर आरोपी शुभम चौधरी को गिरफ्तार किया गया। उपरोक्त आरोपी के विरूद्ध अपराध धारा 342) आब. एक्ट, पंजीबद्ध किया गया है।

## किसान ने लगाई फांसी

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** जिले में एक किसान ने अपने खेत पर पलास के पेड़ से लटककर फांसी लगाकर जान दे दी। बुधवार दोपहर 3 बजे गांव के लोग जंगल की जा रहे थे, तब उन्हें पेड़ पर एक व्यक्ति का शव लटका दिखा। उन्होंने तुरंत पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को ग्रामीणों की मदद से नीचे उतरवाया। शव पोस्टमॉर्टम के लिए भिजवाया है। मृतक की पहचान भैरव सिंह पटेल निवासी दारोट कला गांव के रूप में हुई है। ये घटना घंसौर थाना क्षेत्र के दारोट कला गांव की है। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। हालांकि, मौत के कारणों का अभी तक पता नहीं चल पाया है।

# खमरिया बंजारी के पास ऑटो दुर्घटनाग्रस्त, चार घायल

**जिले के घंसौर थाना क्षेत्र में खमरिया बंजारी के पास दोपहर करीब 1 बजे एक ऑटो दुर्घटनाग्रस्त हो गया। घंसौर से टिकरा खापा जा रहे ऑटो में सवार 4 यात्री घायल हो गए। प्रत्यक्षदर्शियों ने तुरंत पुलिस और 108 एम्बुलेंस को सूचित किया।**

हरिभूमि न्यूज सिवनी।

एम्बुलेंस चालक मनीष रैकवार और बिजेंद्र लखेरा ने घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। डॉक्टरों ने दो घायलों की गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्हें जबलपुर मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। घायलों में 20 वर्षीय प्रहलाद कुर्राम, 40 वर्षीय



सरूप लाल, 37 वर्षीय दशरवी मसराम और 17 वर्षीय समन मरावी शामिल हैं। घंसौर थाना प्रभारी लक्ष्मण सिंह झारिया ने बताया कि घटना की जांच की जा रही है। पुलिस ने वाहन चालकों से सावधानीपूर्वक वाहन चलाने की अपील की है। लापरवाही से वाहन चलाने के कारण इस तरह के हादसे हो रहे हैं।

# 24 वी राज्य स्तरीय सबजूनियर, जूनियर, सीनियर वुशु स्पर्धा में जिले के 46 खिलाड़ी लेंगे भाग

**जबलपुर में आयोजित राज्य स्पर्धा में स्वर्ण पदक के है दावेदार सिवनी के खिलाड़ी**

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** मध्य प्रदेश वुशु संघ द्वारा जबलपुर के रानीताल स्थित खेल एवं युवा कल्याण विभाग इंडोर हाल में दिनाक 2 मई से 3 मई तक आयोजित 24वी राज्य स्तरीय सबजूनियर ,जूनियर, सीनियर वुशु स्पर्धा में सिवनी जिला वुशु संघ के दल में सिवनी के 46 खिलाडियों का चयन किया गया है । ज्ञातव्य है की सिवनी जिले के वुशु कोच सोहन लाल सेन सचिव जिला वुशु संघ के प्रशिक्षण से तैयार खिलाडी अनेको राज्य एवं रास्ट्रीय स्पर्धाओं में पदक प्राप्त कर रहे है ।इसी क्रम में सबजूनियर बालक एवं बालिका वर्ग के खिलाड़ी आर्या रगाड़े,उत्कर्षा राउत ,अवनी चौरसिया, भावना शर्मा, दिशा जायसवाल, किंजल सेन,ऐश्वर्या सेन,यशी सोनी,आर्या सोनी,मुस्कान चौरसिया,आशीष यादव,प्रकाश कुशवाहा, प्रशांत अक्षरिया ,अंश राजपूत , अभिनव राजपूत ,अक्षांश दीक्षित ,आर्यन दुबे,आर्यन सिंह वैश्य , उज्ज्वल डहेरिया,हर्षित रंगड़े, दिलेश्वरी कटरे, बीना देनेश्वर, आदित्य देनेश्वर ,साक्षी राजपूत, अंतरिक्ष बघेल, संस्कार दुबे, अनुष्का सेन , सुरभि सेन ,अनतराली सेन, कुसुम सेन, शिशिर सेन,सहित जिले के अन्य खिलाड़ियो का चयन राज्य सबजूनियर वुशु स्पर्धा जबलपुर के लिए हुए है । रास्ट्रीय कोच सोहन लाल सेन एवं राज्य कोच मनीष साठवने टीम मैनेजर रुपाली सेन के नेतृत्व मे खिलाड़ी प्रतियोगिता में भाग लेंगे।

# बैंक मैनेजर की कार्यप्रणाली से खाताधारक परेशान

**सिवनी जिले के अंतर्गत विधानसभा केवलारी के उगली थाना के पांडिया छपारा में मध्य प्रदेश सतपुडा ग्रामीण बैंक के शाखा प्रबंधक के द्वारा अपने उत्तरदायित्व के प्रति लापरवाही की शिकायत महिलाएं ग्रामीण आजीविका मिशन के द्वारा बताई गई है।**

हरिभूमि न्यूज सिवनी।

हमें रोज कोई ना कोई काम बैंक से करवाना होता है लेकिन बैंक मैनेजर की लापरवाही के चलते ना हमारी पासबुक एंट्री हो पाती है, ना ही आजीविका के लोन पास हो पाते हैं, ना ही बैंक संबंधित कोई भी कार्य करवाने जाओ तो प्रबंधक द्वारा टाला मटोली कर दी जाती है, और कहा जाता है, कि सामने बी सी मैडम बैठी है, उनसे पूछ लो इस



प्रकार से हम ग्रामीण महिलाओं को एक काम के लिए कई बार बैंक के चक्कर लगाना पड़ता है. जिसकी लिखित शिकायत क्षेत्रीय महिलाओं ने इस परेशानी से छुटकारा पाने के लिए संबंधित अधिकारियों को सूचना देते हुए अपील किया है, कि कृपया पां. छपारा की बैंक की लचर व्यवस्था का शीघ्र निराकरण करें जिसमें शिकायतकर्ताओं में क्रमशः राजेश्वरी बघेल भरवेली योगिता विश्वकर्मा बागडोंगरी संध्या चौधरी बागडोंगरी रेखा पटले लक्ष्मी बघेल यशोदा बाई आरती ग्वाले हेमलता पंचेश्वर, गायत्री चौधरी माया राणा मनीषा बघेल गीता धुर्व ललिता उइके और भी महिलाओं ने हस्ताक्षर युक्त आवेदन प्रस्तुत किया है. शाखा प्रबंधक चेतन बांगरे से जब क्षेत्रीय संवादादाता राजदीप राहंगडाले ने इस संदर्भ में जब फोन लगाया गया तो इन्होंने काल रिसिव नहीं किये. दूसरी गंभीर बात की जिस भवन में बैंक संचालित हो रहा है वहां पर इस बैंक के नाम का कोई बोर्ड भी अंकित नहीं है अतः शाखा प्रबंधक की लापरवाही का यह दूसरा उदाहरण भी तस्वीरों में स्पष्ट नजर आ रहा है, जिला कलेक्टर महोदया जी से और संबंधित अधिकारियों से शिकायतकर्ताओं ने निवेदन किया है कि हमारे ग्रामीण अंचल की इस बैंक का जायजा लेते हुए शीघ्र अति शीघ्र शाखा प्रबंधक का स्थानांतरण कर नये शाखा प्रबंधक की नियुक्ति किया जाए।

# कोतवाली पुलिस के हत्थे चढे.ने बैटरी चोर

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** पुलिस अधीक्षक सुनील मेहता द्वारा चोरी जैसे अपराधों की रोकथाम के लिये समय समय पर आवश्यक दिशा निर्देश दिये जा रहे है। अति. पुलिस अधीक्षक गुरूदत शर्मा एवं नगर पुलिस अधीक्षक श्रीमति पूजा पांडे के मार्ग दर्शन में कोतवाली पुलिस द्वारा चोरी से संबंधित अपराधियों की धरपकड लगातार जारी है। दिनांक 27/04/25 को रात्रि में 12 से 01 बजे की बीच में सोमवारी चौक भैरोगंज सिवनी में एक पान दूकान से अज्ञात चोर ने पान दुकान की लोहे की चादर को उखाड कर एक 12 बोल्ट बैटरी एवं बीडी सिगरेट अन्य सामान चोरी होने की घटना रिपोर्ट प्रार्थी राजेश ढोले ने दर्ज कराया था। प्रार्थी की रिपोर्ट दर्ज कराया था प्रकरण विवेचना में लिया गया और अज्ञात चोर की तलाश पतासाजी हेतु मुखबिर लगाये गये संदिग्ध व्यक्तियों से पूछताछ की गई। दिनांक 29/04/25 को मुखबिर की सूचना के आधार पर दल सागर शराब भटटी के पास से चार संदिग्ध व्यक्तियों को पूछताछ की जिन्होने अपना जुर्म स्वीकार किया। पकड़े गये आरोपी मे अमन बरमैया पिता शंम्भू प्रसाद बैरमया उम्र 20 साल निवासी बरघाट नाका सिवनी, विजय धुर्वे पिता महेश धुर्वे उम्र 23 साल निवासी महारानी लक्ष्मीबाई वार्ड भैरोगंज सिवनी,रोहित ऊर्फ बग्गी) पिता रामनाथ उम्र 25 साल निवासी महामाया वार्ड सिवनी,एख्तियार सिंह ऊर्फ बल्ले) सरदार पिता सुरजीत सिंह सरदार उम्र 23 साल निवासी महामाया वार्ड सिवनी।

# माँ बैनगंगा उत्सव एवं ब्रम्हलीन श्री सरयूगिरी महाराज की प्रतिमा अनावरण समारोह का भव्य आयोजन

**मौनी दादा आश्रम देवघाट में जुटेंगे श्रद्धालु, शोभायात्रा, पूजन व भंडारे सहित विविध धार्मिक कार्यक्रम होंगे सम्पन्न**

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** जिले के खैरापलारी समीपस्थ माँ बैनगंगा की पावन धारा के तट पर स्थित मौनी दादा आश्रम देवघाट में 2 एवं 3 मई 2025 को एक दिव्य और अपार धार्मिक आयोजन होने जा रहा है। दो दिवसीय माँ बैनगंगा महोत्सव एवं ब्रह्मलीन परमहंस श्री सरयूगिरी महाराज की प्रतिमा अनावरण समारोह में हजारों श्रद्धालुओं के उमड़ने की संभावना है। यह आयोजन ब्रह्मलीन परमहंस श्री सरयूगिरी महाराज की पावन स्मृति में समस्त क्षेत्रीय जन मौनी दादा भक्त मंडल द्वारा प्रतिवर्ष किया जाता है, जिसकी आभा और प्रभाव हर वर्ष बढ़ता जा रहा है।

गंगा सप्तमी पर होगा माँ बैनगंगा उत्सव एवं सरयूगिरी महाराज की प्रतिमा का अलौकिक अनावरण इस वर्ष आयोजन में विशेष आकर्षण रहेगा। ब्रह्मलीन परमहंस श्री सरयूगिरी महाराज की नवनिर्मित भव्य प्रतिमा का विधिपूर्वक अनावरण है। आयोजन समिति के अनुसार, माँ गंगा सप्तमी की पुण्य तिथि पर श्रद्धा, भक्ति और दिव्यता के प्रतीक के रूप में प्रतिमा स्थापना का यह क्षण ऐतिहासिक होगा। आयोजन में भागीदारी कर श्रद्धालु महान पुण्य अर्जित कर सकते हैं।



## पूजन, शोभायात्रा, दीपमाला और संत प्रवचन से सजेगा दो दिवसीय कार्यक्रम

दो दिवसीय धार्मिक आयोजन में भक्ति, श्रद्धा और अध्यात्म का अद्भुत संगम देखने को मिलेगा। कार्यक्रम का शुभारंभ कलश स्थापना से होगा, जिसमें महिलाएँ पारंपरिक वेशभूषा में शोभायात्रा निकालेंगी। ढोल-नगाड़ों, शंखध्वनि और भजन-कीर्तन के साथ निकली यह यात्रा नगर में भक्ति की धारा प्रवाहित करेगी। मार्ग को रंगीन पताकाओं और तोरण द्वारों से भव्य रूप में सजाया जाएगा। पूरे आयोजन के दौरान विशेष पूजन, धार्मिक अनुष्ठान और दीपमाला से वातावरण को आभामंडित किया जाएगा। संध्या समय दीपों की जगमगाहट श्रद्धालुओं के मन में अद्भुत आध्यात्मिक ऊर्जा का संचार करेगी। संत-महात्माओं द्वारा प्रवचनमाला का आयोजन भी होगा, जिसमें धर्म, सेवा और सदाचार पर प्रेरक संदेश दिए जाएंगे। कार्यक्रम का समापन महाआरती के साथ होगा, जिसमें सैकड़ों श्रद्धालु दीप जलाकर सामूहिक आरती में सम्मिलित होंगे। आयोजकों ने श्रद्धालुओं की सुविधाओं का विशेष ध्यान रखते हुए व्यापक तैयारियाँ की हैं। पूरा आयोजन श्रद्धा, भक्ति और अध्यात्म से ओतप्रोत रहेगा, जो भक्तों के लिए अविस्मरणीय अनुभव बन जाएगा।

## विस्तृत कार्यक्रम इस प्रकार रहेगा

कार्यक्रम विवरण : 2 मई 2025 शुक्रवार को प्रातः 7:00 बजे कलश स्थापना, देव पूजन एवं श्रीरामचरितमानस पाठ, दोपहर 4:00 बजे भव्य शोभायात्रा, नगर भ्रमण के साथ, 3 मई 2025 शनिवार, प्रातः 5:00 बजे अभिषेक पूजन एवं हवन, सुबह 8:30 बजे सुवर्ण दान अनुष्ठान, सायं 7:00 बजे दीपमालिका एवं भव्य आतिशबाजी, रात्रि 7:30 बजे पूज्य संतों का आशीर्वचन एवं आध्यात्मिक प्रवचन, रात्रि 9:00 बजे विशाल भंडारा (महाप्रसादी वितरण), रात्रि 10:00 बजे पट समापन।

# श्रमजीवी पत्रकार संघ ने लंबित मांगों को लेकर सौंपा ज्ञापन

**हरिभूमि न्यूज सोनखार।** अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस के अवसर पर मध्य प्रदेश श्रमजीवी पत्रकार संघ के बैनर तले जिला इकाइयों के द्वारा संपूर्ण मध्य प्रदेश में प्रांत अध्यक्ष शलभ भदौरिया की दिशा निर्देश का पालन करते हुए प्रत्येक जिले के जिला अध्यक्ष और सभी पदाधिकारीयों ने कलेक्टर परिसर पहुंचे 21 सूत्री जायज मांगों के लिए मुख्यमंत्री मध्य प्रदेश शासन को हस्तलिखित ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में श्रमजीवी साथियों जायज लंबित मांगों को लेकर मांग की गई है, कि ज्ञापन में उल्लेखित मांगो को अविलंब पूआ करते हूए श्रमजीवी पत्रकारों की मांग पर शाषन प्रशासन गंभीरता से विचार कर मांगो को परा करने में सहयोग प्रदान करें की



अपेक्षा पूरे म. प्र. के पत्रकारों ने प्रदेश के मुखिया डा. मोहन यादव से की इस अवसर पर जिले के सभी विकासखंड से जिला मुख्यालय पहुंचकर पत्रकारों ने कलेक्टर महोदय की प्रतिनीधी अनुविभागिय अधिकारी को सौंपा ज्ञापन का वाचन श्रमजीवी पत्रकार संघ के संभागीय पदाधिकारी रमाशंकर महोबिया के द्वारा किया गया। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष साथी मनीष जैन, कार्यकारी अध्यक्ष ग्रामीण कन्हैया प्रजापति, कार्यकारी अध्यक्ष मनोज मर्दन त्रिवेदी सिवनी शहर, साथी महासचिव नंदन श्रीवात्री, साथी राजदीप राहंगडारे संयुक्त सचिव जिले के सभी ब्लाकों के अध्यक्ष व पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित थे।

# संयुक्त वन प्रबंधन समितियां को इमारती काष्ठ का लाभांश 9 करोड़ 53 लाख 31 हजार 843 रुपयों का वितरण

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** लखनादौन में कार्यक्रम सम्पन्न आदिवासी बहुल क्षेत्र में वनों की सुरक्षा एवं सम्वर्धन में वन समितियों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने तथा संयुक्त वन प्रबंधन की अवधारणा को जीवान्त रखने के उद्देश्य से मध्य प्रदेश शासन के संकल्प के प्रावधान अनुसार वन क्षेत्रों की सुरख्या एवं सम्वर्धन कार्य में सराहनीय कार्य करने पर मुख्य पालन से विदोहित किये गये कूपों से प्राप्त ईमारती काष्ठ से शासन को मिलने वाली राजस्व राशि के शुद्ध लाभका 80 प्रतिशत भाग उन समितियो को वितरित किया जा रहा है. जिनके क्षेत्र में मुख्य पालन किया गया है।



उक्त 80 प्रतिशत राशि का 50 प्रतिशत समिति सदस्यों को सफल संयुक्त वन प्रबंधन किये जाने के फलस्वरूप नगद वितरित किया जा रहा है. तथा 50 प्रतिशत राशि से वन विकास एवं ग्राम विकास कार्य कराये जा रहे है। लाभाश की शेष 20 प्रतिशत राशि से समस्त समितियों के अधोसंरचना विकास एवं सामुदायिक उपयोग की आवश्यक सामग्री प्रदाय करने हेतु किया जाता है। उत्तर सिवनी वनमंडल के अंतर्गत वर्ष 2022-23 एवं 2023-24 में मुख्य पालन से प्राप्त ईमारती काष्ठ के राजस्व से 5,09,30,431/- एवं 4,44,01,412 लाभाश के रूप में प्राप्त हुयी है. जिसका वितरण 123 वन समितियो को किया जा रहा है। प्रतीकात्मक रूप से निम्नानुसार समितियों को नगद वितरण की जाने वाली लाभांश राशि वन मंडल अधिकारी महेंद्र उइके के निर्देशन एवं संयुक्त वन मंडल अधिकारी गोपाल की उपस्थिति में प्रतीकात्मक धनादेश फग्गन सिंह कुलस्ते जी. सांसद मण्डला सिवनी लोकसभा क्षेत्र के कर कमलों के माध्यम से प्रदान किया जा रहा है। यह कार्यक्रम वन परिक्षेत्र लखनादौन में सम्पन्न हुआ। वन परीक्षित अधिकारी उत्तम मिश्रा ने इस कार्यक्रम का संचालन किया।

**सर्ववर्गीय ब्राह्मण समाज बरघाट के मंगल भवन सर्व समाज के प्रतिनिधियों की उपस्थिति मे हुआ सम्पन्न**

# मंगल भवन के विस्तार में 15 लाख स्वीकृत, आगे भी कोई कमी नहीं आने दूंगा - कमल मर्सकोले

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** सर्ववर्गीय ब्राह्मण समाज बरघाट द्वारा परशुराम जयंती के पावन अवसर पर मंगल भवन का लोकार्पण समारोह मे सर्व समाज के प्रतिनिधियों ने उपस्थित सामाजिक समरसता का अद्भुत उदाहरण प्रस्तुत किया, यह भवन बरघाट में सभी समाजों के मध्य एवं निम्न वर्गीय परिवारों को बहुत कम किराए मे उपलब्ध कराया जाएगा, कार्यक्रम की शुभारंभ भगवान परशुराम की पूजन किया गया तत्पश्चात भवन का लोकार्पण मुख्य अतिथि बरघाट विधायक कमल मर्सकोले एवं देश के प्रतिष्ठित व्यवसायी मोहन परोहा व नगर पंचायत उपाध्यक्ष ममता अनिल पाठक के द्वारा फीता काटकर किया गया, तत्पश्चात सभी अतिथियों के साथ-साथ सभी समाजों से आए हुए वरिष्ठ जनों का स्वागत भी ब्राह्मण समाज के नवयुवक साथियों के द्वारा किया गया, इस भवन के निर्माण की संपूर्ण जानकारी अध्यक्ष पंडित राजेश उपाध्याय द्वारा अपने प्राथमिक प्रतिवेदन में प्रस्तुत उन्होंने बताया कि भवन के निर्माण में आने वाली कठिनाइयों को विधायक महोदय के सहयोग और समाजिक बंधुओं के सहयोग से पूरा किया गया, कार्यक्रम के मुख्य वक्ता हरकचंद टेमरे द्वारा ब्राह्मणों का भारतीय समाज को एकजुट व मार्गदर्शन के तौर पर किए गए प्रयासों की भूमिका की जानकारी दी गई, वहीं सिवनी के अधिवक्ता युवा विचारक नवेंदु मिश्रा द्वारा बहुत ही रोचक तथ्यों के साथ में ब्राह्मण द्वारा सामाजिक और अन्य जातियों के लिए किए गए सराहनीय प्रयासों को प्रस्तुत किया गया , कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे मोहन परोहा ने कहा कि ब्राह्मण को अन्य चार लोगों को भी मजबूत करने का प्रयास करना होगा , वही



कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बरघाट विधायक कमल मर्सकोले द्वारा भवन के विस्तार और व्यवस्थित करने एवं पहले तल में निर्माण हेतु 15 लाख रुपए की विधायक निधि से राशि की घोषणा की गई , जिसकी प्रशंसा सभी ओर की जा रही है, वहीं डा. प्रज्ञा सूर्यवंशी व सुनील अवधिया द्वारा मंच में ग्यारह हजार की राशि भवन के अन्य कार्यों के लिए प्रदान की गई, प्रभात शर्मा द्वारा परशुराम भगवान पर एक गीत प्रस्तुत किया गया । वही मानस मर्मज्ञ पंडित नर्मदेश्वर पांडे द्वारा परशुराम और राम के संवाद को बखूबी प्रस्तुत किया गया, कार्यक्रम के अंत में अनिल पाठक ने सभी का आभार व्यक्त किया, भवन निर्माण में विशेष सहयोग के लिए विधायक कमल मर्सकोले व समाजसेवी अमित सूर्यवंशी को संगठन द्वारा प्रतीक चिन्ह भेंट किया गया, कार्यक्रम के अंत में छोटे से ब्राह्मण विद्वान ईशान पांडे द्वारा ईश्वर स्तुति के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ ,कार्यक्रम का मंच संचालन संदीप मिश्रा द्वारा किया गया, कार्यक्रम में पूजन अर्चन पंडित ओमप्रकाश तिवारी के द्वारा कराया गया, इस आयोजन में ब्राह्मण विद्वानों के अतिरिक्त पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष अनिल सिंह ठाकुर, विजय सूर्यवंशी, किशोर कुमार आसर, गजानंद पंचेश्वर, महादेव टेकाम,आनंदी पटले, इंद्रकुमार अवधिया, तीरथ गजभिए, नीरज मिश्रा, हेमंत रांगडाले , विवेक बिसेन,गोलू मालवीय, प्रमोद अवधिया,राजू लालजी, शंकर अवधिया, सुरेन्द्र जैसवाल, ऋषभ जायसवाल, सुजीत सूर्यवंशी, राकेश जैन, विजय गुप्ता, राजेंद्र ठाकुर,अनुराग गुप्ता, अमित गुप्ता, सुनील अग्रवाल, सुरेश नागराज, कमल सूर्यवंशी, नरेश अहिरवार, बीएल महोबिया, डॉक्टर आमाडारे ,खुशहाल चौधरी, रमन लुधियाना, सत्येंद्र राहंगडाले, नूरसिंह बिसेन, खुमान ठाकुर एवं अन्य नगरवासियों की गरिमामयी उपस्थिति रही ।

कार्यक्रम को सफल बनाने में मीडिया प्रभारी संजय गुप्ता, सचिव विजय दुबे, संरक्षक बालकृष्ण शर्मा, विश्वनाथ उपाध्याय, रविन्द्र सारस्वत,देवेंद्र शर्मा, राकेश बाजपेयी ,अविनाश तिवारी, नंदन तिवारी, शैलेंद्र दुबे,योगी पाठक सहित अन्य का विशेष योगदान रहा।

## निर्माण कार्य के नाम पर करोड़ों का भ्रष्टाचार

# ग्राम पंचायत सेलोटपार सरपंच, सचिव की दबंगई से ग्रामीण परेशान

### मनरेगा अधिकारी, सहायक यंत्री, उपयंत्री सब भ्रष्टाचार के भंवरजाल में












हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

जनपद पंचायत खैरलांजी अंतर्गत ग्राम पंचायत सेलोटपार में लगभग 2 वर्ष के कार्यकाल में सरपंच श्रीमती दीपिका पाण्डे तथा सचिव महेश हेडाऊ की जुगलबंदी से शासन की योजनाओं में करोड़ों का भ्रष्टाचार कर शासन की योजना को पलीता लगा रहें हैं। सेलोटपार निवासी मोतीराम ठाकरे ने हरिभूमि समाचार को जानकारी देते हुए बताया कि सेलोटपार में ग्रेवल सड़क निर्माण जो कि लगभग 18 लाख रूपये की स्वीकृति बताई जा रही हैं। यहां पर सरपंच पति राही पाण्डे के द्वारा नियम कानून को ठेंगा दिखाते हुए जेसीबी मशीन से खुदाई कर गुणवत्ताहीन मिट्टी डालकर सड़क बनाई जा रही हैं। सेलोटपार निवासी मोतीराम ठाकरे ने शासन प्रशासन से मांग की हैं उक्त कार्य की जांच कर सरपंच, सचिव पर कड़ी कार्यवाही की जायें। वहीं सचिव महेश हेडाऊ तथा सरपंच श्रीमती दीपिका पाण्डे भ्रष्टाचार की चरमसीमा पर पहुंचकर शासन की राशि डकारने के लिए मेन रोड़ से लेकर गुमाह की ओर पाईप, पुलिया निर्माण कार्य वर्ष 2023-24 में लगभग 14 लाख 48 हजार की लागत से निर्माण किया गया हैं। उपरोक्त पुलिया में सरपंच सचिव के द्वारा शासन प्रशासन को गुमराह करते हुए अनावश्यक स्थान पर बनाकर सामग्री के नाम पर फर्जी बिल दर्शाकर लाखों रूपये का भ्रष्टाचार किया गया हैं।

### सरपंच पति राही पाण्डे समझते हैं खुद को सरपंच

सेलोटपार के ग्रामीणों ने सरपंच पति राही पाण्डे पर पंचायत के कार्य में मोनोपली चलाने का आरोप लगाया हैं निर्माण कार्यों में जानबुझकर षड़यंत्र के तहत जानकारी देने वाला बोर्ड नहीं लगाते हैं ताकि ग्राम की जनता को निर्माण कार्य की लागत की जानकारी कभी प्राप्त न हो सकें। वहीं ग्राम पंचायत में भी अनावश्यक रूप से बैठकर शासन के कार्य में बाधा पहुंचाने का कार्य करते हैं। ग्रामीणों ने शासन से मांग की हैं सरपचं पति का अनावश्यक पंचायत कार्यों में हस्तक्षेप करना ग्रामीणों को राष नहीं आ रहा हैं।

### मनरेगा के कार्यों में फर्जी हाजरी भरकर शासन की राशि में अफरा-तफरी

ग्रामीणों ने हरिभूमि को जानकारी देते हुए कि ग्राम पंचायत सेलोटपार में चल रहे हैं, मनरेगा के कार्यों जैसे तालाब निर्माण, सुदुर सड़क निर्माण कार्य में फर्जी हाजरी दर्शाकर राशि आहरण कराई जा रही हैं। बताया गया हैं कि हमारे गांव के कुछ ऐसे मजदूर हैं जो नागपुर कमाने चले गए हैं। किन्तु सरपंच पति राही पाण्डे उनके नाम से मस्टर में हाजरी दर्शाकर लाखों का भ्रष्टाचार कर रहें हैं। ग्रामीणों ने शासन प्रशासन से मांग की हैं कि 2 वर्ष के कार्यकाल में सरपंच, सचिव के द्वारा किये गए निर्माण कार्य की उच्चस्तरीय जांच कर भ्रष्टाचार के कार्य को बदं किया जाये तथा सरपंच, सचिव पर आर्थिक अनियमितता करने पर कड़ी कार्यवाही की जायें।

# जिले के 8 केंद्रों पर 4 मई को आयोजित होगी नीट परीक्षा




### परीक्षा केंद्रों में शांति व सुरक्षा व्यवस्था के लिए प्रशानिक अधिकारी नियुक्त

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

मेडिकल व डेंटल महाविद्यालयों में प्रवेश के लिए 4 मई को नीट परीक्षा का आयोजन किया जाएगा। परीक्षा की तैयारियों के सम्बंध में उच्च शिक्षा मप्र शासन के अपर मुख्य सचिव श्री अनुपम राजन ने वीसी के माध्यम से तैयारियों के सम्बंध में निर्देश दिए है। नेशनल एलिजिबिलिटी कम एंट्रेंस टेस्ट के लिए बालाघाट जिले के 08 परीक्षा केंद्रों में नीट परीक्षा का आयोजन 04 मई रविवार को होना है। 4 मई को दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक तथा दिव्यांगों को एक अतिरिक्त घंटे का समय परीक्षा में दिया जाएगा। इन परीक्षा केंद्रों में कानून व शांति व्यवस्था बनाये रखने के लिए कलेक्टर श्री मृणाल मीना ने प्रशासनिक अधिकारियों की ड्यूटी लगायी गई है। जिसमे परीक्षा केंद्र सीएम राइज बालाघाट के लिए संयुक्त कलेक्टर श्री मायाराम कौल, पीएम श्री बालाघाट में एसडीएम श्री गोपाल सोनी, शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बूढ़ी में लिए तहसीलदार भूपेंद्र अहिरवार, शासकीय एक्सीलेंस बालाघाट में नायब तहसीलदार हट्टा सुश्री वंदना कुशराम, कमला नेहरू कन्या महाविद्यालय में नायब तहसीलदार लामता दशवंता मरावी, पीजी कॉलेज में प्रभारी तहसीलदार वारासिवनी शेख इमरान मंसूरी, पॉलीटेक्निक कॉलेज बालाघाट में नायब तहसीलदार किरनापुर केशोराव टेकाम और एमएलबी बालाघाट में नायब तहसीलदार लालबर्रा श्री मयंक मिश्रा को नियुक्त किया गया है।

### आज आयोजित होगा लाडली लक्ष्मी उत्सव

**बालाघाट।** मप्र शासन के निर्देशानुसार 02 मई को समस्त जिलों में लाडली लक्ष्मी उत्सव का आयोजन किया जाएगा। मुख्यमंत्री लाडली लक्ष्मी योजना अंतर्गत लाडली लक्ष्मी दिवस को उत्सव के रूप में आयोजन जिले के साथ साथ नगरीय निकायों एवं ग्राम पंचायतों में भी आयोजन किया जाएगा। जिसमे स्थानीय जनप्रतिनिधियों के साथ ही लाडली बालिकाएं उनके अभिभावक एवं लाडली क्लब की अध्यक्ष एवं सदस्य भी शामिल होगी। लाडली लक्ष्मी उत्सव के वृहद स्तर पर प्रचार के लिए लाडली लक्ष्मी पथ पर मुख्यमंत्री लाडली लक्ष्मी योजना से संबंधित चित्र, पोस्टर, बैनर, स्लोगन लगाए जाएंगे। इस दौरान विभिन्न गतिविधियां भी क्रियांवित की जाएगी जिसमें लाडली बालिकाओं द्वारा संगीत नृत्य व अन्य सांस्कृतिक गतिविधियों का प्रदर्शन किया जाएगा।

## भरवेली में पानी की टंकी भी नहीं भर पा रही, सरपंच ने सौंपा ज्ञापन

# फीडर विभाजन नहीं होने से बिजली आपूर्ति प्रभावित



हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

बालाघाट के भरवेली बिजली वितरण केंद्र में RDSS योजना के तहत फीडर विभाजन का कार्य अक्टूबर 2023 से रुका हुआ है। इस योजना के तहत सेंट्रल स्कूल फीडर से कृषि और घरेलू फीडर को अलग करना था।

योजना का उद्देश्य बिजली आपूर्ति की गुणवत्ता और विश्वसनीयता में सुधार करना था। निजी कंपनी को ठेका मिलने के बाद भी कोई कार्य नहीं किया गया। इससे मॉयल नगरी भरवेली के ग्रामीणों की दैनिक जीवनचर्या प्रभावित हो रही है।

लोगों को पर्याप्त बिजली नहीं मिल पा रही है। कम बिजली मिलने से पंचायत की नलजल योजना की टंकी नहीं भर पाती। इसके कारण पेयजल की आपूर्ति पर भी असर पड़ रहा है। कम बिजली मिलने से, बिजली से जुड़े कार्यों और घर की आवश्यकताओं पर असर पड़ रहा है। खासकर गर्मी में लोगों को बिजली की कमी से खासी दिक्कतें हो रही है।

बिजली कंपनी सिर्फ ठेकेदार से पत्राचार कर रही है। कंपनी के अधिकारी योजना की प्रगति पर कोई संतोषजनक जवाब नहीं दे पा रहे हैं। इससे ग्रामीणों और पंचायत प्रतिनिधियों में गुस्सा बढ़ रहा है।

### ग्रामीणों ने सौंपा ज्ञापन, कहा- 7 दिन काम चालू हो

पंचायत सरपंच गीता अनिल बिसेन के नेतृत्व में ग्रामीणों और जनप्रतिनिधियों ने कनिष्ठ अभियंता बबिना उईके को ज्ञापन सौंपा है। उन्होंने सात दिन के भीतर काम शुरू नहीं होने पर कार्यालय में तालाबंदी की चेतावनी दी है।

सरपंच का कहना है कि सरकार ने करोड़ों रुपए की योजना दी, लेकिन उचित निगरानी के अभाव में ग्रामीण परेशान हैं। पंचायत प्रतिनिधियों को जनता के गुस्से का सामना करना पड़ रहा है।

## केंद्र शासन की एडीप व वयोश्री योजना में 1435 दिव्यांगों व वरिष्ट नागरिकों को बांटे 5058 सहायक उपकरण

# चिन्हांकित एक-एक दिव्यांग व वरिष्ट नागरिकों को सहायक उपकरण देना ही लक्ष्य-सांसद



हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

सामाजिक न्याय अधिकारिता मंत्रालय की एडीप व वयोश्री योजनान्तर्गत बालाघाट में सांसद श्रीमती भारती पारधी के मुख्य आतिथ्य में 1435 दिव्यांग व वृद्धजनों को 5058 सहायक उपकरण वितरित किये गए। सांदीपनि विद्यालय परिसर में आयोजित हुए कार्यक्रम में सांसद श्रीमती पारधी ने कहा कि भारत सरकार और मप्र शासन का प्रयास है कि कैसे भी हितग्राहियों तक योजनाओँ का लाभ पहुँचाया जाए। इसके लिए निरंतर प्रयास किये जा रहें है। यह शिविर भी उन्ही में से एक है, इससे पूर्व भी जनवरी माह में दिव्यांगजनों व वृद्धजनों को बड़े स्तर पर सहायक उपकरण वितरित किये गए। इस शिविर के आयोजन के लिए जिला प्रशासन और जिला पंचायत द्वारा 8 से 19 अप्रैल तक विकासखंड वार शिविरों का आयोजन किया गया। शिविरों में चिन्हांकित करने के पश्चात एलिम्को द्वारा उपकरण बनाएं गए। अब यही लक्ष्य है कि एक-एक चिन्हित व्यक्ति को ये उपकरण पहुचाएं जाए। साथ ही आगे भी ऐसे शिविरों के द्वारा चिन्हित कर सहायक उपकरण वितरित किये जायेंगे। कार्यक्रम के दौरान कलेक्टर श्री मृणाल मीना ने कहा कि प्रयास किये गए की जिनके पास सहायक उपकरण नही है, उन्हें चिन्हित कर उपकरण प्रदान किये जायें। उद्देश्यों के तहत शिविरों को आयोजन हुआ और आज वितरण किया जा रहा है।आगे भी शिविरों का आयोजन कर दिव्यांगों व वरिष्ठ नागरिकों को उपकरण प्रदान कर सेच्युरेशन करने की स्थिति में बढ़ रहें है।कार्यक्रम के दौरान जिला पंचायत सीईओ ने भी स्वागत संबोधन में शिविरों के सम्बंध में जानकारी दी। कार्यक्रम में पूर्व नपा अध्यक्ष श्री रमेश मंगलानी, नपा उपाध्यक्ष योगेश बिसेन, नपा सभापति योगिता बोपचे, पार्षद श्रीमती संगीता कावरे, राज हरिनखेड़े, श्वेता जैन, वंदना बारमाटे, सुधीर चीले कमलेश पांचे,एसडीएम श्री गोपाल सोनी, सीएमओ श्री बीडी कतरोलिया,समाजिक न्याय विभाग की नूपुर झा सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे। कार्यक्रम का मंच संचालन श्री अजय बैस ने किया।

### अंतिम छोर के व्यक्ति का कल्याण कैसे हो इस पर शासन कार्य कर रही

कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती भारती ठाकुर ने संबोधित करते हुए कहा कि शासन के प्रयास है कि अंतिम छोर के व्यक्ति तक शासन की जनकल्याणकारी योजनाएं पहुँचे। आज जो जीवन जीने में सहायक उपकरण बांटे जा रहें है, ये उन्हीं प्रयासों का परिणाम है। कार्यक्रम में जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्री राजा लिल्हारे ने भी संबोधित किया।

# वैनगंगा मजदूर यूनियन ने मनाया मजदूर दिवस



हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

1 मई को मजदूर दिवस के अवसर पर मध्यप्रदेश वैनगंगा मजदूर यूनियन ने इसे अपने जयहिंद टॉकीज मैदान स्थित कार्यालय मे सैकड़ों मजदूर साथियों की उपस्थित मे मनाया। इस अवसर पर यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष श्री विशाल बिसेन से कहा की सारी दुनिया मे सृजन व नव निर्माण के प्रतिक हमारे मजदूर साथी ही है और हमारे समाज का सबसे महत्वपूर्ण अंग होने के बावजूद आज सबसे ज्यादा शोषित भी यही वर्ग है1 अभी इनके लिए व परिवार के लिए, इनके स्वास्थ्य, शिक्षा व आर्थिक प्रगति की दिशा मे बहुत कुछ करने की गुंजाईश है। उन्होंने आगामी समय मे मजदूर साथियों के लिए बालाघाट मे जिला स्तर का एक स्वास्थ्य शिविर लगाने व शासन की की योजनाओं से मजदूर साथियों व परिवार को लाभांवित करने शासन के संबन्धित विभाग के साथ एक कैंप करने की बात कही। पूरे कार्यक्रम का संचालन यूनियन के प्रदेश उपाध्यक्ष (संगठन) श्री आशीष शुक्ला व आभार प्रदर्शन यूनियन के जिला अध्यक्ष श्री प्रहलाद (अन्नू) ठाकुर ने किया। कार्यक्रम मे वरिष्ठ पदाधिकारी श्री सत्यम वाघे का सराहनीय योगदान रहा। कार्यक्रम मे यूनियन के सभी विंग मालवाहक, किसान सहित सभी विंग के सैकड़ों पदाधिकारी व साथियों की उपस्थिति रही।



# 29 हज यात्रियों को लगाए गए टीके

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

सीएमओ डा. परेश उपलप के मार्गदर्शन में जिले के अंजुमन उर्दू स्कूल में हज यात्रा के लिए जाने वाले सभी 31 हज यात्रियों में से 29 को टीके लगाए गए। इन टीको में मेनी गोकेकल डाइल्यूट, जेएसआई, औरल पोलियो वैक्सीन कार्य करते हुए स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। इस स्वास्थ्य शिविर में अर्बन नोडल अधिकारी डॉ. निशांत नंदागोली, डॉ. करिश्मा सिलहारे, संजय मानेश्वर, डीपी खरोले,दुर्गावती मेश्राम, अनीज फातिमा खान, बबिता मानेश्वर, अंजुम निषाद अली व अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## दादा परशुराम चौक में विधायक और ब्रह्म समाज ने किया फरसा का लोकार्पण

# कटंगी में भगवान श्री परशुराम जी का मनाया गया जन्मोत्सव



**हरिभूमि न्यूज कटंगी।** बुधवार अक्षय तृतीया के पावन दिन ज्ञान, शक्ति और धर्म के रक्षक भगवान विष्णु के छठवें अवतार भगवान श्री परशुराम जी का जन्मोत्सव कटंगी में बेहद धूमधाम और उत्साह के साथ मनाया गया. इस अवसर पर शाम 06 बजे नगर के बस स्टैंड के नजदीक दादा परशुराम चौक में भगवान परशुराम के शस्त्र फरसा के प्रतीक चिन्ह का क्षेत्रीय विधायक गौरव सिंह पारधी, समाज के वरिष्ठ जन पं. महेश शर्मा, एस.एल.पटेरिया, उमाशंकर तिवारी, मुल्लु त्रिवेदी, लकेश शर्मा, प्रदीप शर्मा, कमल शर्मा, राकेश शर्मा, देवी प्रसाद तिवारी, संदीप शर्मा, दिनेश शर्मा सहित अन्य स्वजातीय जनों की उपस्थिति में विधि-विधान से पूजन कर वैदिक मंत्रोच्चार के साथ लोकार्पण किया गया. भगवान श्री परशुराम जी के जन्मोत्सव के मौके पर ब्रह्म समाज, युवा ब्रह्म समाज, ब्रह्म समाज महिला मंडल के द्वारा विविध प्रकार के कार्यक्रम आयोजित किए गए. सत्संग भवन बड़ा राम मंदिर में सुबह 10 बजे सामूहिक सुंदरकांड का पाठ हुआ. दोपहर 12 बजे भगवान श्री परशुराम जी की महाआरती, प्रसाद वितरण का आयोजन हुआ. वहीं शाम 04 बजे झांकियों के साथ नगर भ्रमण के लिए शोभायात्रा निकाली गई. रैली शाम 06 बजे दादा परशुराम चौक में पहुंची जहां परसा का लोकार्पण किया गया. देर शाम सत्संग भवन में मंचीय कार्यक्रम का आयोजन हुआ. जिसमें अनुविभागीय अधिकारी पुलिस विवेक शर्मा, तहसीलदार सुरेश उपाध्याय, सहायक उप निरीक्षक दीपक गौतम बतौर मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए. जिन्होंने ब्रह्म समाज को संबोधित करते हुए अपने विचार रखें।

### खरीफ मौसम में उर्वरकों के भंडारण के लिए किसानों से की गई अपील

**बालाघाट।** किसान कल्याण तथा कृषि विकास अधिकारी के निर्देशानुसार जिले में आगामी खरीफ 2025 के लिए वर्तमान में पर्याप्त खाद्य भंडार किया गया है जिसमे यूरिया 9278.36,डीएपी 769.400, 20.20.0.13-8032.064 व सिंगल सुपर फास्फेट 5571.278 मेट्रिक टन का भंडारण है। यह भंडारण जिले के प्रत्येक समिति,डबललांक,व निजी विक्रेताओं के पास उपलब्ध है। शासन के अनुसार खरीफ 2025 के लिए किसानों को लगभग यूरिया 26000,डीएपी -20000, 20.20.0.13-15000,एसएसपी -10000,पोटाश-500 की आवश्यकता है। भंडारण केंद्रों से समितियां के द्वारा किसानों को शून्य प्रतिशत ब्याज दर पर खाद्य उनके घरों तक पहुंचाने की व्यवस्था की जा रही है। इसलिए किसानों से अपील की जा रही है कि वे समितियों में उपलब्ध खाद्य को 15 मई तक अपने घरों में क्रेडिट करवा लें ताकि जून जुलाई में होने वाली भीड़भाड़ जैसी परेशानियों से बचा जा सके।

# अन्तरर्ष्ट्रीय मजदूर दिवस पर विधिक साक्षरता एवं जागरूकता कार्यक्रम हुआ आयोजित



हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण एवं मप्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशों पर अंतर्राष्ट्रीय श्रम दिवस के अवसर पर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्री प्राणेष कुमार प्राण के मार्गदर्षन में ग्राम पंचायत पाथरवाड़ा में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर के दौरान विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव श्री सतीष शर्मा द्वारा कानूनी प्रावधानों के बारे में जानकारी देते हुए राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली द्वारा संचालित योजना असंगठित क्षेत्रों के श्रमिकों के लिए विधिक सेवा योजना-2015 लागू की गई है इसके अनुसार न्यूनतम मजदूरी अधिनियम के प्रावधानों की भी जानकारी दी। शिविर में उपस्थित न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी श्रीमती शीनी जैन द्वारा औद्योगिक विवाद अधिनियम, निःशुल्क विधिक सहायता योजना के बारे में जानकारी प्रदान की। साथ ही न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी श्री शुभम जैन द्वारा बालश्रम (प्रतिषेद्य एवं विनियमन) अधिनियम के प्रावधानों के बारे में उपस्थित ग्रामीणजनों को जानकारी प्रदान की। शिविर में उपस्थित श्री जितेंद्र मोहन धुर्वे जिला विधिक सहायता अधिकारी द्वारा शिविर के दौरान कर्मकार प्रतिकर अधिनियम, समान पारिश्रमिक अधिनियम के संबंध में उपस्थित श्रमिकों को अवगत कराया गया। वहीं 10 मई 2025 को आयोजित होने वाली नेषनल लोक अदालत के संबंध में भी जानकारी दी। आयोजित शिविर में ग्राम पाथरवाड़ा की सरंपच श्रीमती शत्रुपा धामड़े, श्री सुभाष धामड़े व ग्रामीणजन एवं श्रमिक बंधु तथा पैरालीगल वालेन्टियर उपस्थित रहे।

# मॉयल में श्रमिक दिवस पर कामगार, कर्मचारी सम्मानित किए गए



**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।** जिला मुख्यालय से 5 किमी दूर बालाघाट माईन में कार्यरत कर्मचारी एवं कामगर की निष्ठा, परिश्रम और अनुशासन की सराहना करते हुए श्रमिक दिवस पर 2024-25 के लिए श्रेष्ठ कर्मचारी सम्मान प्रदान किए गए। यह पुरूष्कार वितरण अभिकर्ता एवं संयुक्त महाप्रबंधक समूह 1 उम्मेद सिंह भाटी, एवं खान प्रबंधक विवेक कुमार के द्वारा दिए गए, यह पुरूष्कार वितरण 6 लेवल में आयोजित समारोह के माध्यम से किया गया, जिसमें खनन क्षेत्र में उत्कृष्ठ योगदान देने वाले फोरमेन, माईनमेट एवं श्रमिको को सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर खनन प्रबंधन के वरिष्ठ अधिकारी, कामगार एवं कर्मचारी बडी संख्या में उपस्थित थे, कार्यक्रम का उदेश्य कर्मचारी एवं कामगारो के मनोबल को बढाना, उनके समर्थन को पहचानना तथा अन्य कर्मचारी को प्रेरित करना रहा।

8 लेवल उत्तर बालाघाट माईन श्रेष्ठ फोरमेन-प्रवीण दीक्षित, श्रेष्ठ माईनमेट-सुभाष बेसरा, श्रेष्ठ श्रमिक-रामप्रसाद, 9 लेवल उत्तर श्रेष्ठ फोरमेन-योगेश मंडिया, श्रेष्ठ माईनमेट-मुकेश वासनिक, श्रेष्ठ श्रमिक-उम्मेद, 12 लेवल उत्तर श्रेष्ठ फोरमेन-अब्दुल नफीस, श्रेष्ठ जी.टी.ओ-पीतमलाल जैतवार, श्रेष्ठ माईनमेट-शेख लतीफ, श्रेष्ठ श्रमिक-विजय सलामे, 12 लेवल दक्षिण श्रेष्ठ फोरमेन-अनिल गजगे, श्रेष्ठ माईनमेट-संतोष चैधरी, श्रेष्ठ श्रमिक-लखन डोंगरे, 13 लेवल उत्तर श्रेष्ठ फोरमेन-अमित वराडे, श्रेष्ठ माईनमेट-पतराम साहू, श्रेष्ठ श्रमिक- विनोद कुमार, श्रीराम सूर्यवंशी, लतीफ मोहम्मद, दिलीप कंसारे, वेतन कुतराहे, श्यामू बर्वे, 13 लेवल दक्षिण श्रेष्ठ फोरमेन-ओमकार फाये, श्रेष्ठ माईनमेट-राजेश जोसफ, श्रेष्ठ श्रमिक-नवीन कुमार, 15 लेवल श्रेष्ठ फोरमेन-दिलीप हरपाल, श्रेष्ठ माईनमेन-रामनिक परवार, श्रेष्ठ श्रमिक-श्रीराम किशोर खोब्रागडे, 16 लेवल श्रेष्ठ फोरमेन-शारीक कुरैशी, श्रेष्ठ माईनमेट-जाकिर हुसैन, श्रेष्ठ श्रमिक-शेषराम चोपकर, सेंड स्टोइंग विभाग- श्रेष्ठ माईनमेट-राजेश आचार्य, श्रेष्ठ श्रमिक-खालिद खान, रेलिंग साईडिंग विभाग- श्रेष्ठ फोरमेन राहुल सिंग माह मार्च 2024-25 के श्रेष्ठ कर्मचारी पुरूष वर्ग-झनकलाल साकरे, श्रेष्ठ महिला वर्ग-श्रीमति राजेश्वरी प्रेमलाल भोयर।

इस कार्यक्रम के संबंध में अभिकर्ता उम्मेद सिंह भाटी ने कहा हमारे वर्कर हमारी सबसे बडी पूंजी है उनके परिश्रम समर्पण से ही हमारी खदाने सुरक्षित और उत्पादक रूप में चल रही है, उनको योगदान अमूल्य है, इस प्रकार के सम्मान समारोह भविष्य में और बेहतर कार्य के लिए प्रेरणा का स्त्रोत है, जबकि खान प्रबंधक विवेक कुमार ने कहा कि यह आयोजन वर्करो के उत्कृष्ठ कार्य को पहचानने और उन्हे प्रोत्साहन देने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है इससे न केवल कार्यस्थल पर उत्साह और सकारात्मकता का संचार होता है बल्कि सुरक्षा, उत्पादकता, कार्य संस्कृति को बढावा मिलता है, कार्यक्रम में भूमिगत खान प्रबंधक हेमंत बावनकर, सिविल विभाग प्रमुख विवेक महाकालकर, एवं अन्य अधिकारी उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन श्रीमति निजहत खान द्वारा किया गया।